HAPPY FATHER'S DAY

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली ।। रविवार 16 जून -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 247 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# पीएम नरेंद्र मोदी काशी में 300 किसानों को देंगे आवास की सौगात जारी करेंगे सम्मान निधि की किस्त



वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को काशी के किसानों से न केवल संवाद करेंगे बल्कि उनके उगाए उत्पादों को भी देखेंगे। साथ ही करीब 300 किसानों को आवास का उपहार भी देंगे। उनके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। भाजपा नेताओं के अनुसार 21 किसानों से मुलाकात करेंगे।

पीएम सम्मान निधि की धनराशि खाते में ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से भेजेंगे। साथ ही किसानों को डिजिटल किसान क्रेडिट कार्ड भी देंगे। कुछ प्रगतिशील किसानों से भी बातचीत करेंगे। किसानों के उगाए उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

कृषि विभाग के अधिकारी किसानों से जुड़ी योजनाओं के बारे में भी किसानों की मदद करेंगे। इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा बनाकर भेजी गई है। पीएमओ से ही फाइनल किया जाएगा। प्रशासन के पास अभी पीएम का प्रोटोकाल नहीं आया है। शनिवार को पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने एसपीजी आएगी। पीएम के रूट का बारीकी से निरीक्षण करेगी।

### सीएम ने किया कार्यक्रम स्थल का दौरा

पीएम के दौरे से पहले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। वाराणसी के दौरे के बाद पीएम नरेंद्र मोदी आगले दिन 19 जून को बिहार का दौरा करेंगे, जहां पीएम सुबह दस बजे नालंदा यूनिवर्सिटी कैंपस का उद्घाटन करेंगे।

# कैमिकल फैक्ट्री की आग बुझाने में दमकलकर्मियों ने झोंकी पूरी ताकत

# आधा दर्जन जिलों की टीमों ने रातभर बुझाई आग और बचाई कई की जान

## आसपास की 8 फैक्ट्रियों को भी आग की चपेट में आने से बचाया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शनिवार को लोनी के ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया में सुबह करीब 9 बजे कैमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना जैसे ही दमकल विभाग को मिली मौके पर आधा दर्जन गाड़ियां पहुंच गईं। कैमिकल में आग इतनी तेजी से लग रही थी और कैमिकल से भरे ड्रामों में ब्लास्ट ने आसपास की फैक्ट्री में भी दहशत जैसा माहौल मचा दिया था। आनन-फानन में फैक्ट्री के अंदर फंसे कर्मचारियों को बाहर निकाला गया। बढ़ती आग को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने अग्निशमन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर अमन शर्मा को जानकारी दी। जिनके निर्देश पर बागपत, मेरठ, अमरोहा, मुजफ्फरनगर, नोएडा और गाजियाबाद के सभी फायर स्टेशनों को आग बुझाने के टास्क में लगा दिया गया। कैमिकल फैक्ट्री में आग बुझाने का काम रात भर जारी रहा। आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है लेकिन गनीमत की बात यह रही की जनहानि होने से रोक ली गई।



### 22 गाड़ियों ने लगाए 300 से ज्यादा चक्कर

**करंट क्राइम :** ट्रोनिका सिटी के इंडस्ट्रियल एरिया की कैमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग को काबू पाने के लिए 45 डिग्री तापमान में लगभग 100 से अधिक दमकल कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत करते हुए आग बुझाने का काम किया। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर अमन शर्मा के साथ ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, गाजियाबाद फायर स्टेशन प्रभारी, मेरठ फायर स्टेशन प्रभारी, अमरोहा और बड़ी संख्या में फायर टेंडर पर तैनातकर्मियों को लगाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया है कि भीषण आग इतनी तेजी से फैल रही थी, साथ ही गर्मी की वजह से भी अधिकारियों और कर्मचारियों को काफी मशक्कत उठानी पड़ रही थी। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 22 से अधिक गाड़ियों ने रातभर आग बुझाने का काम किया और 300 से ज्यादा चक्कर लगाए हैं।



### दमकल स्टाफ ने जान पर खेल कर बुझाई भीषण आग

**करंट क्राइम :** मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि दमकल स्टाफ ने जान पर खेल कर आग बुझाने का काम किया है। लगभग आधा दर्जन जिलों के फायर टेंडर गाड़ियां लगाई गई थी। अग्निकांड सेक्टर-3ए इंडस्ट्रियल एरिया में हुआ था, जो कैमिकल फैक्ट्री है। यहां आग इस कदर फैल गई थी कि पास की पैकेजिंग कंपनी और एक फैक्ट्री उसकी चपेट में आ गई थी। कई फैक्ट्री नुकसान होने से तेज प्रयास व बचाव के चलते हालांकि बचा ली गई हैं।

### कई किलोमीटर तक नजर आया काला धुआं

**करंट क्राइम :** भीषण आग को देखते हुए प्रशासन की ओर से एसडीएम लोनी निखिल चक्रवर्ती भी मौके पर पहुंच गए थे। पूरे ऑपरेशन के दौरान वो मौजूद रहे। उधर अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि आग लगने से काला धुंआ कई किलोमीटर के इलाके में फैल गया था। आसमान काला नजर आ रहा था। साथ ही आसपास के लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत हो रही थी। गनीमत रही की भीषण अग्निकांड में किसी की जान नहीं गई है। साथ ही करीब आठ लोगों को समय रहते आग से फंसे स्थान, कमरों और आग की लपटों से बाहर निकाला गया है। हालांकि इस दौरान एक फैक्ट्री आग लगने के बाद गिर भी गई थी। खबर लिखे जाने तक किसी की भी मौत की सूचना नहीं मिली थी।

# शिलान्यास का पत्थर तोड़ने वाले का नहीं लेना चाहिए इतना संज्ञान

## ऐसी हरकतें ओछी मानी जाती हैं और मानसिक विकृत माना जाता है इंसान

गाजियाबाद, करंट क्राइम। इन्दिरापुरम क्षेत्र में एक सोसाइटी में रहने वाले एक व्यक्ति ने 9 जून को हथौड़ा लेकर रात में 8.30 बजे उस पत्थर को तोड़ा जिस पत्थर पर स्वीमिंग पूल के उद्घाटन का जिक्र था और इस पत्थर पर पूर्व मेयर अशु वर्मा का नाम लिखा था। इस सोसाइटी की पूर्व अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता ने इस मामले में थाने में एफआईआर दर्ज करायी। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और पूर्व मेयर अशु वर्मा से पूछा कि आपके नाम पर हथौड़ा मारा गया है तो आप इसे किस नजरिये से देखते हैं। यहां पर पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि वैसे तो शिलान्यास का पत्थर तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति का इतना संज्ञान नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज में ऐसी हरकतें अच्छी नहीं मानी जाती हैं और जिस सोसाइटी का ये मामला बताया जा रहा है वहां शिक्षित लोग रहते हैं।



मेरे ख्याल से ऐसी हरकतें करने वाले व्यक्ति को मानसिक रूप से विकृत माना जाता है। अशु वर्मा ने कहा कि दरअसल यह मेरे नाम पर हथौड़ा मारने से ज्यादा आरडब्लूए का आपसी विरोध है। यहां पर दोनों पक्षों में पूर्व से विवाद है और इसी के चलते एक व्यक्ति ने ऐसा कृत्य किया। मैंने माना कि यह विवाद है और इसका समाधान होना चाहिए। लेकिन पत्थर तोड़ने से अच्छा संदेश नहीं जाता है इससे उन्हें बचना चाहिए था। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने कहा कि क्रिया की प्रतिक्रिया कई तरीकों से हो सकती है लेकिन हो सकता है कि पत्थर तोड़ने वाले को यही तरीका सही लगा हो। बहरहाल राजनीति और सभ्य समाज में ऐसी हरकतों के लिए कोई स्थान नहीं है।

# यही तो है संघ की सोच, कार्यप्रणाली और उसका मंच कार्यकर्ता सर्वोपरि और बड़े चेहरों को अनुशासन का पंच

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कद का अंदाजा ही पद से होता है और जिनके पास पद नहीं है उनके कद का भी आंकलन इस बात से होता है कि उन्हें कार्यक्रम में मंच मिला है या नहीं मिला है।

राजनीति में मंच का होना स्टेटस सिम्बल है। उसके बाद कार्यक्रम स्थल पर मंच के सामने वाले सोफे, सामने वाली चेयर बताती है कि कौन कितना महत्वपूर्ण है और कार्यक्रम में उन्हें कितनी तवज्जो मिल रही है और उनकी कितनी केयर हो रही है। मंच, माईक सामने का सोफा, सामने की कुर्सी के बाद उन कुर्सियों की बात होती है जिन्हे अन्तोदय कहते हैं।

ये कुर्सिया किसके हिस्से में आतीं हैं और कुर्सियों को लेकर संघ और भाजपा में क्या अंतर है ये नेहरू स्टेडियम वाले कार्यक्रम में दिखाई दिया। आमतौर पर ऐसे सीन कम दिखाई देते हैं, ऐसी तस्वीरें कम आती हैं। नेहरू स्टेडियम संघ का समापन कार्यक्रम था और इसकी तस्वीरें भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने भेजीं। ये संघ का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग समापन समारोह था। तस्वीरें बता रहीं थी कि संघ में कोई प्रोटोकॉल और कोई भौकाल नहीं चलता है संघ के अपने नियम है और संघ उन्हीं पर चलता है। प्रदीप चौधरी ने जो फोटो भेजी उनमें दो पंक्ति के फोटो हैं। पहली फोटो में कार्यकर्ता बैठे हैं। पहली पंक्ति में प्रदीप चौधरी, भाजपा के मंडल संयोजक संदीप त्यागी, भाजपा महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल बैठे हैं तो दूसरी पंक्ति में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और पूर्व मेयर अशु वर्मा बैठे हैं। यही संघ की खूबसूरती है कि यहां संघ का अनुशासन चलता है। यहां संघ की सोच चलती है और यहां पर कद और पद से कुछ तय नहीं होता है यहां तो अपने नियम हैं और उन्हीं पर संघ चलता है।



### सांसद और विधायक क्यों नहीं दिखते अंतिम कुर्सियों पर

करंट क्राइम। सियासत में मंच का महत्व, सियासत में माईक के बिना सबकुछ अधूरा और जो यहां से रह गये उन्हें सामने वाले मंच पर सोफा और कुर्सी ना मिले तो लगता है कि आना पूरा नहीं हुआ। सवाल यही है कि विधायक और सांसद कभी अंतिम कुर्सियों पर क्यों दिखाई नहीं देते। वो हमेशा अपने लिए आगे की कुर्सियां ही चुनते हैं और कार्यक्रम के आयोजक भी उन्हें आगे की कुर्सियों से मंच तक पहुंचा देते हैं। मंच पर पहुंचने के बाद आयोजक उनके हाथ में माईक थमा देते हैं।

# सांसद से कितनी आस रखते हैं हैंडओवर को लेकर इंदिरापुरम के पार्षद

उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद, (करंट क्राइम)** इंदिरापुरम का रखरखाव नगर निगम गाजियाबाद करें इसको लेकर लंबी फाइट चली। पर अब लोगों व नगर निगम के पार्षदों को इंतजार है कि जल्द इंदिरापुरम हैंडओवर हो। नए सांसद अतुल गर्ग से सभी को पूरी उम्मीद है कि उनके कार्यकाल में जल्द ही यह रुका हुआ कार्य पूरा होगा। दैनिक करंट क्राइम ने इंदिरापुरम योजना की सुविधाओं के लिए हैंडओवर कराने की नगर निगम की प्रक्रिया चल रही है। निगम की ओर से शुरूआत में उद्यान से जुड़े पार्क, हरित पट्टियों और सेंट्रल वर्ज की सुविधाओं को लिया जाएगा। हैंडओवर लेने के मामले में निगम को शासन से अनुमति मिल चुकी है। ऐसे में निगम अधिकारियों की ओर से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण संयुक्त सर्वे भी किया जा चुका है। इंदिरापुरम के सभी पार्षदों का मानना है कि सांसद अतुल गर्ग इंदिरापुरम के हैंडओवर के मामले को लेकर पार्षदों के साथ रहेंगे और बहुत जल्द ही हैंडओवर की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

**सभी को है बेसब्री से इंतजार कब आएगी खुशी वाली डेट**

### हैंडओवर के बाद मकनपुर गांव को मिलेगा पानी: राधेश्याम त्यागी



करंट क्राइम : इंदिरापुरम वार्ड-57 से पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि सांसद अतुल गर्ग हैंडओवर के मामले को लेकर गंभीर हैं। वह लगता इस पर चर्चा कर रहे हैं। उनको उम्मीद है कि नगर निगम को इंदिरापुरम हैंडओवर होकर रहेगा। उन्होंने कहा जब नगर निगम हैंडओवर होगा तो लोगों की समस्या पर अधिक ध्यान दिया जाएगा, क्योंकि कुछ ऐसी समस्या हैं, जिन्हें पार्षद सदन में अपनी बात रखता है। हैंडओवर होने से मकनपुर गांव को गंगाजल मिलने की भी परेशानी दूर होगी।

### सांसद अतुल गर्ग के प्रयास से ही इंदिरापुरम की सड़कों का हुआ निर्माण कार्य: धीरज अग्रवाल



करंट क्राइम : इंदिरापुरम वार्ड-81 से पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा है कि इंदिरापुरम हैंडओवर के मामले को लेकर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग हम लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा चुनाव के दौरान भी जीडीए के अधिकारियों से बात करके सड़क निर्माण कार्य कराया गया था। इस बार जो माहौल चल रहा है, लगता है बहुत जल्द सांसद के प्रयास से इंदिरापुरम हैंडओवर होकर रहेगा।

### लोगों ने लोकल मुद्दों पर किया वोट, सांसद हैं हमारे साथ: प्रीति जैन



करंट क्राइम : इंदिरापुरम वार्ड-99 की पार्षद प्रीति जैन का कहना है, कि सांसद के चुनाव में इंदिरापुरम की जनता ने लोकल मुद्दों को रखते हुए वोट किया है। इस बार लोगों को पूरी उम्मीद है कि गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग इंदिरापुरम हैंडओवर के मामले को इंदिरापुरम की जनता का साथ देंगे। पार्षद प्रीति जैन ने कहा इंदिरापुरम डबल टैक्स दे रहा है। इंदिरापुरम जब निगम को हैंडओवर होगा तो एक ही संस्था को टैक्स देगा और अधिक विकास कार्य होगा।

### हमने दिया सांसद का साथ अब सांसद देंगे हमारा साथ: हरीश कडाकोटी



करंट क्राइम : इंदिरापुरम वार्ड-79 के पार्षद हरीश कडाकोटी का कहना है कि हमें उम्मीद है कि हमारे सांसद अतुल गर्ग हम लोगों के साथ हैंडओवर के मामले में साथ हैं। उन्होंने कहा लोकसभा के चुनाव में इंदिरापुरम के पार्षद व जनता ने मिलकर जिताया है, हमने उनका साथ दिया। अब हैंडओवर को लेकर सांसद हमारे साथ हैं। हमें पूरी उम्मीद है कि इस बार हैंडओवर इंदिरापुरम नगर निगम को होकर रहेगा, जिसकी परिक्रिया तेजी से चल रही है।

### हैंडओवर होने से इंदिरापुरम की किस्मत बदलेगी: डॉ.अनिल तोमर



करंट क्राइम : इंदिरापुरम वार्ड-98 के पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने कहा कि गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग से हमें पूरी उम्मीद है, की इंदिरापुरम हैंडओवर के मामले को लेकर इंदिरापुरम की जनता के साथ रहेंगें। उन्होंने कहा 18 जून को नगर निगम व जीडीए के अधिकारियों की बैठक भी है। इस मामले को लेकर अभी तक पूरी उम्मीद है, कि इंदिरापुरम जल्द हैंडओवर होगा। उन्होंने कहा इंदिरापुरम हैंडओवर से होने से किस्मत बदलेगी। रोज-रोज धक्के खाने से पार्षद बचेंगे। क्योंकि इंदिरापुरम की जो भी समस्या होगी, पार्षद सदन में रखकर उन समस्याओं का समाधान कर सकता है।

### हैंडओवर की प्रक्रिया चल रही, जल्द होगा इंदिरापुरम हैंडओवर: अनुज त्यागी



करंट क्राइम : इंदिरापुरम वार्ड-87 के पार्षद अनुज त्यागी का कहना है, कि इंदिरापुरम हैंडओवर की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इस मामले में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग हम लोगों के साथ हैं। उन्होंने कहा अतुल गर्ग ने कई बार जीडीए के अधिकारियों को भी क्षेत्र के काम करने के लिए बोला है। इंदिरापुरम हैंडओवर होने से निगम के अधिकारी काम के लिए भी सुनते हैं और अपनी बात सदन में रखने का एक मौका मिलता है।

# सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को कोर्ट ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** निचली अदालत की कार्यवाही सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल और अन्य को हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को कोर्ट से झटका लगा है। निचली अदालत की कार्यवाही सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में दिल्ली के सीएम की पत्नी सुनीता केजरीवाल और अन्य को हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। हाई कोर्ट ने सीएम का वो वीडियो हटाने के लिए कहा है जिसमें केजरीवाल कोर्ट में अपना पक्ष रखते दिख रहे हैं।



दरअसल, वीडियो तब का है जब केजरीवाल को गिरफ्तार किया गया था और केजरीवाल ने कोर्ट के सामने अपना पक्ष रखा था। उच्च न्यायालय ने मामले में सुनीता केजरीवाल और पांच अन्य व्यक्तिगत उत्तरदाताओं को पोस्ट हटाने का निर्देश दिया और सोशल मीडिया कंपनियों को उस दिन रिकॉर्ड किए गए वीडियो के संबंध में किसी भी अन्य पोस्ट या रीपोस्ट को हटाने का भी निर्देश दिया है। अदालत ने अब इस मामले को 9 जुलाई को सूचीबद्ध किया है। याचिका अधिवक्ता वैभव सिंह द्वारा दायर की गई, जिन्होंने कई सोशल मीडिया हैंडल का नाम भी लिया। सिंह ने अपनी याचिका में कहा कि केजरीवाल द्वारा 28 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट को संबोधित करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) और अन्य विपक्षी दलों से जुड़े कई सोशल मीडिया हैंडल ने कोर्ट की कार्यवाही की वीडियो/ऑडियो रिकॉर्डिंग बनाई और उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया। 28 मार्च को केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कोर्ट में पेश किया गया था। केजरीवाल ने व्यक्तिगत रूप से कोर्ट को संबोधित किया और कहा कि ईडी भाजपा के लिए जबरन वसूली का रैकेट चला रहा है। सिंह के अनुसार सुनवाई खत्म होने के तुरंत बाद कई सोशल मीडिया हैंडल ने कोर्ट की कार्यवाही की ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग को पोस्ट, रीपोस्ट, फॉरवर्ड, शेयर, रीशेयर करना शुरू कर दिया। सुनीता केजरीवाल ने अक्षय नाम के एक एक्स (ट्विटर) अकाउंट द्वारा अपलोड की गई ऑडियो रिकॉर्डिंग को रीपोस्ट किया।

सिंह ने तर्क दिया कि कोर्ट के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय नियम 2021 के तहत अदालती कार्यवाही की रिकॉर्डिंग प्रतिबंधित है और इन वीडियो को वायरल करना न्यायपालिका और न्यायाधीशों की छवि को खराब करने का एक प्रयास है।

# लखनऊ में बिजली कटौती से लोग बेहाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बिजली कटौती से लोग बेहाल हैं। आलम यह है कि लोग अब बदहाल व्यवस्था से त्रस्त हो चुके हैं। कई दफा इस संबंध में स्थानीय लोग बिजली विभाग से शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। बिजली की बदहाल व्यवस्था से त्रस्त लोगों ने आईएएनएस से बातचीत क दौरान अपना दर्द बयां किया।



लखनऊ के रहने वाले मनीष कुमार ने बिजली की बदहाल व्यवस्था पर आईएएनएस से बातचीत में कहा, एक तो भीषण गर्मी पड़ रही है और ऊपर से बिजली की लगातार कटौती हो रही है, जिससे हम लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। दिन में तीन-चार बार बिजली की कटौती की जा रही है। वहीं रात में भी तीन से चार बार बिजली की कटौती की जा रही है, जिससे कभी खाना बनाने में दिक्कत होती है, तो कभी बच्चों को पढ़ाने में। लाइट जाने की वजह से पंखा, एसी या कूलर तीनों में से कुछ नहीं चला सकते, जिसकी वजह से घर में बच्चे सो नहीं पाते। यही नहीं, दिन में भी बिजली जाती है। बिजली कटौती का गैप कोई पांच दस मिनट का नहीं, बल्कि आधे-आधे घंटे का होता है। ऐसी व्यवस्था से लोगों को बहुत असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।ह्ल

शिकायतकर्ता ने आगे कहा, दिन में जब लाइट चली जाती है, तो बड़ी परेशानी होती है। गर्मी का ताप भी अपने चरम पर पहुंच चुका है। ऐसे में अगर आप सोचें कि कुछ वक्त बाहर रह लें, वो भी मुमकिन नहीं है। इसके अलावा, जब हम स्थानीय प्रशासन के पास इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने जाते हैं, तो वहां से हमें सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता है। हम बिजली विभाग के अधिकारियों से पूछते हैं कि आखिर किस वजह से बिजली जा रही है, तो अधिकारी कुछ नहीं बताते।

लखनऊ के रहने वाले संदीप गुप्ता ने बिजली कटौती पर आईएएनएस को विस्तार से अपनी शिकायत बताई। उन्होंने कहा, हमारे यहां भयंकर बिजली कटौती हो रही है। दिन में चार-पांच बार बिजली जा रही है और कभी-कभी तो पूरे दिन बिजली गायब रहती है। कई बार इस संबंध में हम बिजली विभाग को शिकायत दर्ज करवा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अलावा, बीच रोड पर ट्रांसफॉर्मर लगवा दिया गया है, जिसकी वजह से आए दिन दुर्घटना हो रही है। बिजली विभाग को इससे कोई लेना-देना नहीं है। कुल मिलाकर यह कहना अनुचित नहीं रहेगा कि बिजली विभाग के अधिकारी अपने कार्यों को लेकर बिल्कुल भी ईमानदार नहीं हैं। अगर होते तो आज हम सभी को ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता।

उन्होंने आगे कहा, अब हम लोग बिजली कटौती से बहुत परेशान हो चुके हैं। रात को जब सोने जाते हैं, तो बिजली चली जाती है। पूरी रात सोने में दिक्कत होती है। बच्चों को भी पढ़ने में बहुत दिक्कत होती है। दिन की अपेक्षा रात में ज्यादा बिजली जाती है। दिन में चलिए आप इधर-उधर के कामों में लगे रहते हैं, तो आपको ज्यादा गर्मी का एहसास नहीं होता है, लेकिन सबसे ज्यादा समस्या रात में होती है, जब आप सोने के लिए जाते हैं, तब बहुत दिक्कत होती है।

# कोर्ट ने 22 जून तक बढ़ाई बिभव की न्यायिक हिरासतआप सांसद संग मारपीट का है आरोप

**नई दिल्ली।** बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत अदालत ने 22 जून तक के लिए बढ़ा दी है। बिभव पर आरोप है कि उन्होंने स्वाति मालीवाल से मारपीट की थी। तीस हजारी कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में आरोपी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत को सात दिन के लिए और बढ़ा दी है। अब वह 22 जून तक तिहाड़ में रहेंगे। बता दें कि 13 मई को दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं। आरोप है कि वहां सीएम आवास के ड्राइंगरूम में मुख्यमंत्री के निजी सचिव बिभव कुमार ने न सिर्फ स्वाति के साथ मारपीट की बल्कि उनके साथ बदसलूकी भी की।



मामले के बाद स्वाति की ओर से पीसीआर कॉल की गई थी, लेकिन तीन दिन तक उन्होंने पुलिस को शिकायत नहीं दी। बाद में थाने 16 मई को स्वाति की ओर से शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होते ही बिभव वहां से गायब हो गए थे। पुलिस ने 18 मई को उनको सीएम आवास से गिरफ्तार किया।

### सबूत मिटाने के भी हैं आरोप

सिविल लाइंस थाना पुलिस ने इसी मामले में बिभव कुमार के खिलाफ सबूत मिटाने और झूठी जानकारी देने मामले में आईपीसी की धारा 201 को जोड़ा है। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीना ने सबूत मिटाने की धारा जोड़े जाने की पुष्टि कर चुके हैं। आरोप है कि मामला दर्ज होने के बाद बिभव कुमार ने मुंबई जाकर अपना मोबाइल फोन फॉर्मेट कर दिया था। पुलिस बिभव को दो बाहर मुंबई भी लेकर गई, लेकिन बिभव ने पुलिस की जांच में सहयोग नहीं किया।

# येदियुरप्पा मामले में कोर्ट ने कांग्रेस सरकार को लगायी फटकार : जोशी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री प्रलहाद जोशी ने शनिवार को कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा से जुड़े मामले में अदालत ने कांग्रेस सरकार को करारा तमाचा लगाया है। हुबली में पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री जोशी ने कहा, अदालत का आदेश कांग्रेस सरकार पर करारा तमाचा है। पुलिस ने आम चुनाव से पहले नोटिस जारी किया था। लोकसभा चुनाव के बाद जब नई सरकार सत्ता में आई तो पुलिस ने जानबूझकर अदालत से गिरफ्तारी वारंट हासिल कर लिया।



येदियुरप्पा हमारे वरिष्ठ नेता हैं। संसदीय समिति के सदस्य के तौर पर उनका दिल्ली में होना स्वाभाविक है। अदालत ने कहा कि उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करना गलत था। इसके पीछे राज्य सरकार का हाथ है। जोशी ने कहा, अब यह स्पष्ट हो गया है कि यह सब राहुल गांधी के दबाव के कारण हुआ। सीएम सिद्धारमैया ने वरिष्ठ नेता येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने की तैयारी करके अपनी कुर्सी बचाने की कोशिश की। लेकिन, देश में न्यायपालिका अधिक शक्तिशाली है। कर्नाटक पुलिस ने चार महीने पहले दर्ज पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट हासिल किया था। हाईकोर्ट ने पुलिस को उन्हें गिरफ्तार न करने और जांच जारी रखने का निर्देश दिया था। धारवाड़ में एक हिंदू कार्यकर्ता पर हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए जोशी ने कहा, जब से कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनी है, हिंदू कार्यकताओं पर हमले हो रहे हैं।

धारवाड़ में, स्वस्थ देशी नस्ल की गायों को अवैध रूप से ले जाया गया। सूचना देने पर हमला किया गया। मुस्लिम कट्टरपंथियों को कोई डर नहीं है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया कर्नाटक में हिंदू विरोधी सरकार चला रहे हैं। जोशी ने चेतावनी दी कि अगर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो हम आंदोलन करेंगे। एक प्रशंसक की हत्या के मामले में कन्नड़ सुपरस्टार दर्शन की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए जोशी ने कहा, सभी अभिनेताओं को एक ही नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि उनमें से एक ने ऐसी हरकत की हैं। दर्शन को किसानों का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए जोशी ने कहा, ऐसा करने से पहले सरकारों को पृष्ठभूमि की उचित जांच करानी चाहिए। भले ही नियुक्ति पिछली भाजपा सरकार के दौरान की गई हो, फिर भी यह गलत है। दर्शन को अपनी पत्नी पर हमला करने के आरोप में जेल भेजा गया था। उन्होंने कहा, हालांकि, कन्नड़ सुपरस्टार दिवंगत पुनीत राजकुमार को कई परियोजनाओं के लिए एंबेसडर बनाया गया था। दिवंगत अंबरीश और विष्णुवर्धन अच्छे अभिनेता थे। सभी को एक ही नजरिए से नहीं देखा जा सकता। कांग्रेस सरकार ने शुक्रवार को गिरफ्तार सुपरस्टार दर्शन से किसान ब्रांड एंबेसडर की उपाधि वापस ले ली है।

# कैबिनेट मंत्री अनिल ने दी नसीहत बयान निराशाजनक :ओपी राजभर

**वाराणसी।** सुभासपा नेता ओम प्रकाश राजभर के बयान का वीडियो काफी वायरल हो रहा है। वहीं कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने ओम प्रकाश को नसीहत दी है। वह शनिवार को वाराणसी आए थे। यहां उन्होंने कहा कि वर्तमान में चुनावी परिणाम के समीक्षा का समय है। ओम प्रकाश राजभर के बयान पर अनिल राजभर ने पलटवार किया है। अनिल ने ओपी राजभर को नसीहत दी है। काह कि उनके बेटे को जो वोट मिला है, वो बीजेपी का वोट है। ओपी से राजभर समाज के लोग क्यों दूर गए।



इस पर ओपी राजभर को विचार करना चाहिए कहा कि ओपी राजभर खुद अपनी विधानसभा नहीं बचा सकें। जहूराबाद से निर्दल प्रत्याशी लीलावती राजभर को 45 हजार वोट मिले। एनडीए के प्रत्याशी वहां से 15 हजार वोटों से हर गए। खबर में बने रहने के लिए इस तरह बयान नहीं देना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ये वक्त ईमानदारी से हार की समीक्षा करने का है। ओपी राजभर को ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए, जो विरोधी बोल रहे हैं। आज पूरी दुनिया मोदी जी को बधाई दे रही है। सुभासपा प्रमुख के पुत्र ने वायरल वीडियो का किया खंडन एक दिन पहले रसड़ा के मीरनगंज स्थित कार्यालय पर हुई सुभासपा की समीक्षा बैठक में पार्टी सुप्रीमो एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की ओर से घोसी लोकसभा चुनाव में मिली हार का ठीकरा मोदी और योगी सरकार पर फोड़ने संबंधी वीडियो के वायरल होने से हड़कंप मचा है। वीडियो वायरल होने के कुछ ही समय बाद ओमप्रकाश राजभर के पुत्र अरुण राजभर ने एक वीडियो जारी कर इस समाचार का खंडन किया।

# एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने की शिक्षा मंत्री प्रधान से मुलाकात, सीबीआई जांच की मांग की

**नई दिल्ली।** नीट परीक्षा परिणाम को लेकर देशभर में जारी विवाद के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े विद्यार्थियों के बड़े संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर नीट परीक्षा को लेकर देशभर में बने हालात का हवाला देते हुए इस पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की।



एबीवीपी नेताओं ने शिक्षा मंत्री से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की है। प्रधान से मुलाकात करने के बाद एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने दावा किया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने यह बताया कि उन्होंने इस पूरे घटनाक्रम का संज्ञान लिया है और दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने उन्हें यह भी आश्वासन दिया है कि छात्रों के हितों की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी। धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करने वाले एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल में परिषद की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल और वीरेंद्र सोलंकी सहित अन्य कई महत्वपूर्ण विद्यार्थी नेता शामिल रहे।

आपको बता दें कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लगातार नीट परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए देश के अलग-अलग राज्यों में विरोध प्रदर्शन कर रहा है और सरकार से इस पूरे मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग कर रहा है। हालांकि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पहले ही नीट परीक्षा में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार नहीं होने का दावा करते हुए यह कह चुके हैं कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है और किसी भी बच्चे के करियर के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होगा।

# मां शिप्रा में ही रहेगा शिप्रा का जल : सीएम मोहन

## करोड़ों की लागत से बनेगा सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी डैम

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में लगभग 598.66 करोड़ की लागत से बनने वाली कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमिपूजन किया। इसके अतिरिक्त लगभग 217 करोड़ के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पांच हजार करोड़ की लागत से उज्जैन-जावरा फोरलेन वाया नागदा का शीघ्र निर्माण पूरा होगा। वहीं, उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन का शीघ्र भूमिपूजन किया जाएगा। विकास का यह क्रम संत समाजजनों के सहयोग से निरंतर जारी रहेगा। विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि 16 जून को पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके माध्यम से श्रद्धालु कम समय में महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर जैसे तीर्थ स्थानों पर पहुंच सकेंगे। वहीं, उज्जैन से पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के माध्यम से यात्री उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, इंदौर, सिंगरौली और खजुराहो की हवाई सेवा का लाभ भी ले सकेंगे। आयुष्मान कार्डधारियों के लिए निःशुल्क रहेगी एयर एंबुलेंस सेवा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में निरंतर विकास के कार्य चल रहे हैं तथा यहां के निवासियों को नित्य कई सौगातें मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पात्रता धारी अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं, जिससे उन्हें पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क उपचार का लाभ प्राप्त हो सके। एयर एंबुलेंस सेवा के माध्यम से आयुष्मान कार्ड धारी गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को कम समय में मुंबई, दिल्ली जैसे शहरों पर उपचार हेतु पहुंचाया जाएगा।



# 18 जून को वाराणसी में किसानों को जारी करेंगे 20 हजार करोड़ रुपये :पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को वाराणसी में एक कार्यक्रम में पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी करेंगे। इससे देश भर के 9.26 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। यह जानकारी शनिवार को कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दी। चौहान ने कहा, भारत सरकार ने इस योजना के तहत अब तक पूरे देश में 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक प्रदान किया है।18 जून को जारी होने वाली राशि के साथ, योजना की शुरूआत से लाभार्थियों को प्रदान की गई कुल राशि 3.24 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। चौहान ने कहा कि पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी करने के बाद पीएम मोदी कृषि सखी के रूप में नामित 30 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र



भी प्रदान करेंगे। पीएम मोदी ने 10 जून को पीएम किसान निधि की 17वीं किस्त जारी करने की घोषणा के साथ अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत की। फरवरी 2019 में शुरू इस योजना के तहत किसानों के बैंक खातों में साल भर में दो हजार रुपये की तीन किस्तों में छह हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए जाते हैं। मंत्री ने आगे कहा कि देश भर में लगभग 2.5 करोड़ किसान वीडियो के जरिए इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, 732 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), एक लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए देश भर से कृषि विज्ञान समितियों और 5 लाख कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) भी कार्यक्रम से जुड़ेंगे। कई केंद्रीय मंत्री किसानों से बातचीत करने और विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए 50 कृषि विज्ञान केंद्रों का दौरा करेंगे। किसान सम्मेलन के बाद, पीएम मोदी बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर जाएंगे और दशाश्वमेध घाट पर विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में भाग लेंगे।

# सीमा विवाद को लेकर ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन



**करौली।** राजस्व कर्मी सीमा निर्धारण नहीं कर सके। राजस्वकर्मियों ने सेटलमेंट टीम के लिए लिखने की बात कही है, जबकि सेटलमेंट टीम द्वारा 1997 में बिंदु निर्धारित किए गए हैं। अतेवा ग्राम पंचायत के घुराकर गांव की अटल पुरा ढाणी में सीमा विवाद को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर भूमि का सीमा ज्ञान कराने की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद रहे। घुराकर गांव निवासी जलधारी ने बताया कि दो गांव में सीमा को लेकर विवाद है। सीमा विवाद के चलते भूमि का सीमा निर्धारण नहीं हो पा रहा। सीमा विवाद के चलते ही ग्रामीणों में आपस में भी काफी मतभेद चल रहे हैं।

विवाद निस्तारण के लिए तहसीलदार करौली ने 16 मई को सीमा ज्ञान करने के आदेश दिए। तहसीलदार के आदेश पर 24 मई को राजस्व कर्मी गांव पहुंचे, लेकिन पुलिस जाब्ता के अभाव में सीमा ज्ञान नहीं हो सका। एक बार फिर 14 जून को सीमा ज्ञान के लिए पुलिस जाब्ता और राजस्व कर्मी मौके पर पहुंचे। राजस्व कर्मी सीमा निर्धारण नहीं कर सके।

# भारतीय सेना को फ्यूचर रेडी बनाएगा 'नागास्त्र-1' ड्रोन

**नई दिल्ली ।** अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क ने एक बार कहा था कि भविष्य में वह देश ही युद्ध जीतेगा, जिसके पास सबसे अच्छे ड्रोन होंगे। शायद अब ऐसा होता हुआ भी दिख रहा है। भारतीय सेना को 'सुसाइड ड्रोन' - 'नागास्त्र-1' का पहला बैच प्राप्त हुआ है। इस ड्रोन की खासियत है कि ये सैनिकों की जान खतरे में डाले बिना आसानी से दुश्मन के ट्रेनिंग कैंप या लॉन्च पैड पर हमला कर सकता है।




रिपोर्ट्स के मुताबिक इन ड्रोन्स को भारत की कंपनी इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव लिमिटेड (ईईएल) की ओर से बनाया गया है, जो कि नागपुर स्थित सोलार इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी है। सेना की ओर से 480 ऐसे ड्रोन का ऑर्डर ईईएल को दिया गया था, जिसमें से 120 डिलीवर किया जा चुका है। 'नागास्त्र-1' एक सुसाइड ड्रोन है। इसके काम करने का तरीका आम ड्रोन से काफी अलग होता है। इसकी खास बात यह है कि जैसे इसे अपना लक्ष्य मिलता है ये उसमें क्रैश हो जाता है और लक्ष्य को समाप्त कर देता है। इसके अलावा इन ड्रोन्स की खासियत है कि इनका टारगेट मिड-फ्लाइट के दौरान भी बदला जा सकता है।

इसका फायदा यह है कि अधिक कुशलता के साथ लक्ष्य को भेदने में आसानी रहती है। 'कामिकेज मोड' में जीपीएस-सक्षम यह ड्रोन 2 मीटर की सटीकता के साथ किसी भी खतरे को बेअसर कर सकता है। इस फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक मानवरहित एरियल वाहन (यूएवी) का वजन करीब 9 किलो है और इसकी ऑटोनोमस मोड रेंज करीब 30 किलोमीटर की है। यह एक किलो के वारहेड के साथ 15 किलोमीटर तक जा सकता है।

इसका अपग्रेडेड वर्जन 2.2 किलो के वारहेड के साथ 30 किलोमीटर तक जा सकता है। अगर टारगेट नहीं मिलता है या फिर मिशन को समाप्त कर दिया जाता है तो इस ड्रोन को वापस भी लिया जा सकता है। इसमें लैंडिंग के लिए पैराशूट सिस्टम दिया गया है। ऐसे इसे कई बार उपयोग में लाया जा सकता है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




03 ● नई दिल्ली।। रविवार 16 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# निगम के नाला सफाई अभियान को मुंह चिढ़ा रहे हैं गंदे नाले क्या एकतरफा तस्वीरें जारी कर रहा है नगर निगम

## मंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद भी नहीं सुधरी नालों की दशा ● बारिश के दिनों में होगी आमजन को भी परेशानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम गाजियाबाद दावा कर रहा है कि मानसून सीजन शुरू होने से पहले नालों की सफाई बेहतर कर ली जाएगी। साथ ही उनमें जो गंदगी और कूड़ा जाता है उसे भी साफ कराया जाएगा।

बीते दिनों लखनऊ से मंत्री ने नगर आयुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग करते हुए नालों की साफ सफाई पर जोर दिया था। बावजूद इसके अभी भी गाजियाबाद नगर निगम के अंतर्गत आने वाले नालों की स्थिति में सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। शनिवार को दैनिक करंट क्राइम की टीम ने शहर के कई प्रमुख नालों का निरीक्षण किया, तो वहां की हालत जस की तस मिली। टीम ने राजनगर डिस्टिक सेंटर, नवयुग मार्केट और कवि नगर के नालों का हाल जाना तो उनमें अभी सफाई शुरू नहीं हुई है। साथ ही जो कूड़ा और गंदगी जमा थे, वह हटाने का काम शुरू नहीं हुआ है। उधर मानसून की बात की जाए तो मानसून जून के अंतिम सप्ताह तक आने का कयास लगाया जा रहा है। मानसून सीजन में नालों की ठीक प्रकार से ना हुई सफाई बड़ा मुद्दा भी बन सकता है।


कवि नगर, नेहरू नगर फ्लाईओवर


वाल्मीकि पार्क नाला, नवयुग मार्किट


एप्पल ट्री, सर्विस रोड, राजनगर

### नालों में जमी है गाद और लगे हैं कूड़े के ढेर

करंट क्राइम : एक तरफ नगर निगम नालों की सफाई के अभियान को युद्ध स्तर पर चलने का दावा करता है। मंत्री और अधिकारियों की तस्वीरें दी जाती हैं लेकिन हकीकत कुछ अलग नजर आ रही है। अभी अधिकांश नालों की सफाई और उसकी गंदगी हटाने का काम शुरू नहीं हुआ है। वहीं कवि नगर के नाले में तो गंदगी, कूड़ा, प्लास्टिक के साथ ही उसमें घास तक हो गई है। इसके साथ ही कवि नगर जैसे वीआईपी इलाके को लेकर भी अभी नगर निगम एक्टिव मोड पर नहीं आया है जबकि बारिश के दिनों में यहां पर भी जलभराव और नाला ओवरफ्लो की समस्या आम बात है।

### कैसे साफ होंगे मानसून से पहले शहर के नाले, अधिकांश में नहीं हुई है सफाई

करंट क्राइम : लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद जहां प्रदेश सरकार के मंत्री, अधिकारी एक्टिव मोड में हैं तो नगर निगम गाजियाबाद नालों की सफाई को लेकर रफ्तार नहीं पकड़ रहा है। शहर में बड़ी संख्या में प्रमुख नाले हैं लेकिन प्रमुख नालों की भी स्थिति अभी सुधारी नहीं जा सकी है। जबकि जून माह के लगभग 16 दिन बीत चुके हैं और मानसून की रफ्तार धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है और दिल्ली-एनसीआर में मानसून जून के अंतिम सप्ताह तक आ सकता है। ऐसे में अगर समय रहते नालों की सफाई नहीं हुई तो मानसून के दौरान पढ़ने वाली बारिश के बाद लोगों को और नगर निगम को भी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। नाले ओवरफ़्लो हो जाएंगे और सड़कें जलमग्न हो जाएंगी।

#### आरडीसी के नालों की भी नहीं हुई है सफाई

करंट क्राइम : नगर निगम ने आरडीसी में साफ सफाई और यहां की अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए ध्यान देने की बात की थी। वहीं यहां के स्थानीय पार्षद ने भी नगर निगम के अधिकारियों को विभिन्न समस्याओं के संबंध में पत्र लिखा था। इसके बावजूद अभी तक आरडीसी इलाके कवि नगर के प्रमुख नालों की ना तो साफ सफाई की गई है ना ही बारिश और मानसून का सीजन को देखते हुए अभी तक इस ओर कोई प्लानिंग की गई है। हालांकि समय-समय पर नगर निगम अन्य स्थानों के नाम की साफ-सफाई की तस्वीरें जारी करता है लेकिन इन इलाकों की तस्वीरें कब जारी होंगी, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता है।

#### नहीं हुए नाले साफ तो रोड पर आएगी गंदगी और लगेगा जाम

करंट क्राइम : नालों की सफाई को लेकर जिस तरह नगर निगम की रफ्तार धीमी है, अगर हालात ऐसे ही रहे तो बारिश और मानसून के सीजन में सड़कों पर पानी भर जाएगा और नाले ओवरफ्लो होकर उसकी गंदगी सड़क पर आएगी, जिससे लोगों को परेशानी होने के साथ ही जाम की स्थिति से भी दो-चार होना पड़ेगा।

#### सिटी और कवि नगर जोन में जल्द चलेगा अभियान

करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि जल्द ही नगर निगम कवि नगर और सिटी जोन में नालों की सफाई को लेकर अभियान तेज करेगा। इसके तहत प्रमुख नालों और नालों से जुड़े छोटे नालों की भी साफ सफाई की जाएगी ताकि बारिश की दिनों में आने वाली समस्या से बचा जा सके।

**मानसून की बात की जाए तो मानसून जून के अंतिम सप्ताह तक आने का कयास लगाया जा रहा है। मानसून सीजन में नालों की ठीक प्रकार से ना हुई सफाई बड़ा मुद्दा भी बन सकता है।**

## शहर में अमन चैन के साथ मने बकरीद का त्यौहार, अधिकारियों ने ली पीस कमेटी की मीटिंग

### धर्म गुरुओं से की अपील सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार

गाजियाबाद, करंट क्राइम : सोमवार 17 जून को बकरीद का त्यौहार है। बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन लगातार तैयारी कर रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले विजयनगर, घंटाघर कोतवाली, नंदग्राम, सिहानी गेट, कवि नगर और मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली प्रमुख मस्जिदों के साथ ही पीस कमेटी के सदस्यों की एक बैठक घंटाघर कोतवाली में आयोजित की गई। घंटाघर कोतवाली में आयोजित बैठक में डीसीपी सिटी जोन आईपीएस अधिकारी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सभी से अपील की है कि शांतिपूर्वक त्यौहार मनाया जाए। कहीं पर भी सड़क पर नमाज ना हो और कुबार्नी के स्थान पर ही दी जाए। इसके साथ ही लोगों से सोशल मीडिया पर भी सावधानी बरतने और कुछ भी आपत्तिजनक पोस्ट ना करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।



#### सड़क पर नहीं हो नमाज, इसलिए दो बार में होगी नमाज

**करंट क्राइम :** बकरीद के दिन मस्जिदों में भीड़ अधिक होती है और ऐसे में लोग सड़क पर नमाज पढ़ने के लिए आ जाते हैं। इसे रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन ने शहर की प्रमुख मस्जिद जहां भीड़ अधिक रहती हैं वहां दो बार में नमाज पढ़ाने का निर्णय लिया है। जामा मस्जिद सेक्टर-23 मस्जिद में सुबह 6 :30 बजे और 7 :30 बजे नमाज पढ़ी जाएगी। तो वहीं सुन्नी मोहम्मदी मस्जिद लालटेन फैक्ट्री कैला भट्टा में पहले नमाज 6 :30 बजे और दूसरी नमाज 8 :00 बजे पढ़ी जाएगी। इसी के साथ ट्रांस हिंडन की महाराजपुर ईदगाह में पहले नमाज सुबह 6 :00 बजे और दूसरी नमाज 7 :00 बजे पढ़ी जाएगी। जामा मस्जिद प्रहलाद गढ़ी में भी 6 और 7 बजे नमाज पढ़ी जाएगी। साथ ही जामा मस्जिद पीर कॉलोनी में 6 :30 बजे और दूसरी नमाज 7 :30 बजे पड़ी जाएगी।

#### सोशल मीडिया पर पुलिस रखेगी निगरानी

करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा है कि बकरीद के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस सोशल मीडिया पर भी मॉनिटरिंग करने का काम कर रही है। कुछ असामाजिक तत्वों पर भी विशेष रूप से नजर रखी जाएगी। साथ ही सभी धर्म गुरुओं से अपील की गई है कि वह त्यौहार को सद्भाव और शांति के साथ मनाएं। सभी धर्म स्थलों और ईदगाहों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## आरएसएस बीजेपी की मां है, मां कभी डायन नहीं होती : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी और आर आर एस के कथित विवाद पर जिसे लेकर अखबारों टीवी चैनलों और यूट्यूब चैनलों पर धूम मची है। इस पर मुझे एक कहानी याद आ रही है।

ट्रेन यात्रा में आमने सामने की सीट पर बैठे दो आदमी आपस में बात कर रहे थे। एक ने पूछा आप कहां रहते हैं? दूसरे ने उत्तर दिया दिल्ली! दूसरे ने पूछा आप? पहले ने उत्तर दिया मैं भी दिल्ली रहता हूं। पहले ने फिर पूछा दिल्ली में कहां रहते हैं? दूसरे ने उत्तर दिया, चांदनी चौक में! दूसरे ने पूछा आप? पहले ने उत्तर दिया मैं भी चांदनी चौक में रहता हूं। दूसरे ने पूछा चांदनी चौक में कहां रहते हैं? पहले ने उत्तर दिया, कूचा पातीराम में! पहले ने पूछा आप? दूसरे ने उत्तर दिया मैं भी कूचा पातीराम में रहता हूं। पहले ने पूछा कौन सी गली में? दूसरे ने उत्तर दिया गली नम्बर तीन में! दूसरे ने पूछा । आप? पहले ने उत्तर दिया मैं भी गली नम्बर तीन में रहता हूं। पहले ने फिर पूछा, कौन से मकान नम्बर में रहते हो? दूसरे ने उत्तर दिया 120 नम्बर में रहता हूं। दूसरे ने पूछा, आप? पहले ने उत्तर दिया मैं भी मकान नम्बर 120 में रहता हूं।

दोनों की ये वार्ता सुनकर अन्य यात्रियों में बड़ी जिज्ञासा जगी। कैसी दिल्ली है? दोनों एक ही मकान नम्बर में रहते हैं और एक-दूसरे को नहीं जानते??? आखिर एक सहयात्री ने पूछ ही लिया। कमाल है, एक ही मकान में रहते हो और एक-दूसरे को नहीं जानते। क्या माजरा है? पहला बोला, कोई बात नहीं है। हम तो बाप-बेटे हैं, बस टाइम पास कर रहे हैं!!!

जो बीजेपी आरएसएस की परस्पर की लड़ाई को लेकर आनन्द ले रहे हैं या जो चिंतित हो रहे हैं या जो सीरियस होकर सत्य असत्य का विश्लेषण कर रहे हैं। जब उन्हें कहानी की तह का पता चलेगा कि टाइम पास कर रहे हैं तब बड़ी निराशा होगी। इन सारे वक्तव्यों के कुछ और अर्थ हैं और कुछ और संदर्भ हैं। एक साथ बहुत सारे निहितार्थ हैं। अभी शीघ्र ही दोनों की समन्वय बैठक होने जा रही है। जो इसे गम्भीरता से ले रहे हैं, वे अपने आपको ठगे जैसे महसूस करेंगे। आरएसएस को अपने को राजनीति के सारे विवादों से ऊपर भी तो प्रमाणित करना है।और वृहद समाज के उदारता के दृष्टिकोण को भी तो स्थापित करना है। आरएसएस बीजेपी की मां है। मां कभी डायन नहीं होती।



**बीजेपी आरएसएस की परस्पर की लड़ाई को लेकर आनन्द ले रहे हैं या जो चिंतित हो रहे हैं या जो सीरियस होकर सत्य असत्य का विश्लेषण कर रहे हैं। जब उन्हें कहानी की तह का पता चलेगा कि टाइम पास कर रहे हैं तब बड़ी निराशा होगी।**

## शहर विधानसभा उपचुनाव में हाईराइज वोटर की उदासीनता एक मुद्दा

### विपक्ष को देगी ये ऑक्सीजन तो भाजपा के लिए बन सकती है एक चुनौती

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवागढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद में मतदान का प्रतिशत डाउन हुआ और नतीजा ये हुआ कि आठ लाख से जीत का दावा करने वाली भाजपा यहां तीन लाख तीस हजार से जीत पाई। अगर मतदान का प्रतिशत बढ़ता तो जीत का आंकड़ा बढ़ता। लेकिन मतदान का प्रतिशत नहीं बढ़ा तो इसके सीधे इफैक्ट भाजपा के चुनाव परिणाम पर आये। वो जीत तो गई लेकिन जो खिताब नोएडा के हिस्से में आया वो गाजियाबाद के हिस्से में आ सकता था। बहरहाल अब गाजियाबाद की सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। यहां से शहर विधायक अतुल गर्ग को भाजपा ने लोकसभा उम्मीदवार बनाया था और अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं। वो शहर विधानसभा सीट से इस्तीफा दे चुके हैं। उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को लखनऊ में सौंप दिया है। अब शहर सीट पर जब उपचुनाव होगा तो यहां हाईराइज वोटर यानी अलग अलग पॉश कॉलोनी की सोसाइटियों में रहने वाले मतदाताओं की उदासीनता एक मुद्दा बनेगी। इस वर्ग के वोटर की उदासीनता भाजपा के लिए चुनौती बन सकती है और विपक्ष को ये आक्सीजन देगी। इसकी वजह भी यह है कि भाजपा का ये परम्परागत वोटर हाईराइज सोसाइटी में रहता है और मतदान से दूरी बनाता है। वहीं विपक्ष को आक्सीजन इसलिए है क्योंकि विपक्ष का वोटर अब बूथ पर आ रहा है और अपने वोट की ताकत से अपने दल को मजबूत बना रहा है। लोकसभा चुनाव में 8 प्रतिशत मतदान की गिरावट ने लोकसभा में कई के समीकरण बिगाड़ दिये। ये तब था जब निर्वाचन विभाग ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कई अभियान चलाये। लेकिन इसके बावजूद वो वोटर मतदान के लिए बूथ पर नही आये।



#### देव तुल्यों में भरना होगा जोश तभी मुकाबले में आयेगी भाजपा

करंट क्राइम। कम मतदान का असर भाजपा के ग्राफ पर पड़ेगा। वैसे भी उपचुनाव के लिए ज्यादा प्रचार प्रसार नहीं होता है। कई इलाके तो ऐसे हैं जहां जनता को चुनाव के बारे में ही नहीं पता होता है। भाजपा के कार्यकर्ता यानी देवतुल्य में जोश भरना होगा तभी भाजपा यहां मुकाबले में आयेगी। क्योंकि कार्यकर्ता ही वो इकाई है जो सच्चा भाजपाई है।

#### बाई इलैक्शन में वैसे भी नहीं दिखता है पब्लिक में करंट

करंट क्राइम। आम चुनावों में जनजागृति के प्रयासों के बावजूद मतदान का आंकड़ा बढ़ता नहीं है। ये तब है जब लगातार चुनावी सरगर्मी रहती है। सभी उम्मीदवार प्रचार करते हैं और चुनाव का एक माहौल रहता है। ऐसे में बाई इलैक्शन यानी उपचुनाव में पब्लिक में वोट डालने का करंट ही नहीं दिखता। उपचुनाव के मतदान वाले दिन वैसे भी छुट्टी घोषित नहीं होती है। वोट को लेकर पब्लिक जागरूक नहीं होती है तो वोट को बूथ पर लाना ही बड़ी चुनौती है।

#### ये वर्ग रहता है मतदान से दूर और बना लेता है पर्यटन वाला टूर

करंट क्राइम। चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग प्रयास करता है। मतदाताओं को जागरूक करता है। सियासी दल भी अपने अपने कार्यकर्ताओं की ये ड्यूटी लगाते हैं कि वो अपने क्षेत्र के मतदाताओं को लाकर मतदान करा ले। चुनावी बस्तों पर एक टीम इसी बात की निगरानी में रहती है कि बूथ पर कौन कौन से घर के लोग मतदान करने से रह गये हैं। लेकिन हाईराइज सोसाइटी में एक वर्ग ऐसा है जो मतदान से दूर रहता है। उसकी लाइफ में संडे सैटरडे का अलग ही स्वैग है और चुनाव अगर हॉलीडे में पड़ गया तो फिर ये वर्ग तुरंत अपना पर्यटन वाला टूर बना लेता है। इस टूर का असर ये होता है कि केवल एक वोट नहीं बल्कि एक परिवार के चार वोट लोकतंत्र महोत्सव में दूर चले जाते हैं।

#### डीएम घर से निकला और कमल रहा उदासीन तो बदल जायेगा सीन

करंट क्राइम। शहर उपचुनाव की तारीख तय होनी है और यहां इस बार ये उम्मीद है कि सपा कांग्रेस अलग लड़ेंगे और रालोद बसपा के साथ-साथ आजाद समाज पार्टी भी अपना उम्मीदवार लायेगी। मतदाता की प्रवृत्ति को देखें तो पता चलता है कि दलित बस्तियों से लेकर मुस्लिम बस्तियों तक मतदान के प्रति जागरूकता आ रही है। अगर उपचुनाव में ये डीएम यानी दलित मुस्लिम वर्ग घर से निकला और कमल का वोटर उदासीन रहा तो सीन बदल जायेगा। क्रासिंग रिपब्लिक, ट्रांस हिंडन की हाईराइज सोसाईटियां अगर मतदान को लेकर अवेयर नहीं रहीं तो यहां भाजपा को झटका लगेगा। वहीं कैला भट्टा, शहीदनगर, दीनागढ़ी, रामागढ़ी, लाईन पार की कई कॉलोनियां अगर उपचुनाव में पूरे उत्साह के साथ आ गईं तो इसका लाभ विपक्ष को मिलेगा। डीएम यानी दलित मुस्लिम वोटर घर से निकला तो इसका लाभ फिर कांग्रेस को मिल सकता है।

## संपादकीय

# आतंकियों की बदलती रणनीति

जम्मू-कश्मीर में पिछले दिनों एक के बाद एक चार आतंकी हमलों ने सुरक्षा बलों और सरकारी हलकों में ठीक ही चिंता जगाई है। ये हमले न सिर्फ आतंक के पैटर्न में बदलाव का संकेत हैं बल्कि देश-दुनिया को यह संदेश देने की भी कोशिश है कि कश्मीर में सब कुछ ठीक नहीं है। यह संयोग नहीं हो सकता कि इन हमलों की शुरूआत के लिए 9 जून की तारीख को चुना गया। वह दिन जब लोकसभा चुनावों के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने नया कार्यकाल शुरू किया। जाहिर है, जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न होना और उसमें लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी दिखना आतंकवादी तत्वों को रास नहीं आया। यह अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद पहला चुनाव था। अब 30 सितंबर से पहले वहां विधानसभा चुनाव करवाए जाने हैं। आतंकवादियों और उनके आकाओं का अगला लक्ष्य चुनाव की प्रक्रिया में जहां तक हो सके बाधा पहुंचाना ही हो सकता है। सुरक्षा बलों ने आतंकियों की नकेल कसने के जो प्रयास पिछले कुछ वर्षों में किए हैं, उनका असर आतंकी घटनाओं में आई कमी में ही नहीं, आतंकियों की लगातार बदलती रणनीति में भी दिखता है।

पहले आतंकियों ने टारगेटेड किलिंग का सहारा लेते हुए आम लोगों को निशाना बनाने की कोशिश की, जो उनके लिए सॉफ्ट टारगेट हो सकते थे। अब घाटी में सुरक्षा बलों के कड़े बंदोबस्त को देखते हुए जम्मू के उन इलाकों में गतिविधियां बढ़ाई गई हैं जो लंबे समय से शांत और आतंकवाद से मुक्त माने जाते रहे हैं। गौर करने की बात यह भी है कि आतंकियों ने रियासी में तीर्थयात्रियों से भरी बस को निशाना बनाया। चरम उग्रवाद के दौर में भी जम्मू-कश्मीर में टूरिस्टों और अमरनाथ यात्रा को निशाना बनाने से बचने का ट्रेंड दिखता था। वजह यह बताई जाती थी कि इससे राज्य की टूरिज्म पर आधारित इकॉनमी का नुकसान होगा। लेकिन सीमा पार से संचालित आतंकवादियों से ऐसे संयम और सोच की अपेक्षा नहीं की जा सकती। आशंका है कि आगे चलकर ऐसे हमले और बढ़ सकते हैं।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जरूर दोस्ती की इच्छा जता रहे हैं, लेकिन उनकी इस इच्छा को पाकिस्तानी फौज की असली मंशा का संकेत नहीं माना जा सकता। अतीत में इन दोनों का फर्क खतरनाक रूप में सामने आता रहा है। ऐसे में 90 के दशक के पैटर्न पर सुरक्षा बलों की तैनाती का फैसला वक्त की जरूरत है। मगर इसके साथ ही सरकार को यह संकल्प बनाए रखना होगा कि किसी भी सूरत में जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव आगे खिसकाने की नौबत नहीं आने देनी है।

# गंगा दशहरा पर्व आज, मां गंगा की करें उपासना

**नई दिल्ली।** हिंदू धर्म में मां गंगा को मोक्षदायनी के नाम से जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो व्यक्ति मां गंगा में स्नान करता है, उन्हें सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है. बता दें कि धर्म शास्त्रों में यह बताया गया है कि ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था. मान्यता है कि इस विशेष दिन पर मां गंगा की उपासना करने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में आ रही कई प्रकार की समस्याएं दूर हो जाती है.




**गंगा दशहरा 2024 शुभ मुहूर्त :** वैदिक पंचांग के अनुसार, इस वर्ष गंगा दशहरा पर कल यानी 16 जून 2024, रविवार के दिन मनाया जाएगा. ऐसा इसलिए क्योंकि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 16 जून रात्रि 2:32 पर शुरू हो रही है और इस तिथि का समापन 17 जून सुबह 4:45 पर होगा. साथ ही इस दिन हस्त नक्षत्र का भी निर्माण हो रहा है, जो सुबह 11:13 तक रहेगा।

**गंगा दशहरा पूजा विधि :** गंगा दशहरा के दिन सुबह जल्दी उठकर पवित्र नदी में स्नान करें और सूर्य देव को जल प्रदान करें. पवित्र स्नान के लिए ब्रह्म मुहूर्त को सबसे उत्तम माना जाता है. इसके बाद गंगाजल को हाथ में लेकर व्रत का संकल्प लें. ऐसा करने के बाद मां गंगा और भगवान शिव की उपासना विधि-विधान से करें. पूजा के दौरान मां गंगा को गंध, पुष्प, धूप, दीप इत्यादि अर्पित करें. साथ ही भगवान शिव को भी बेलपत्र, चंदन, भांग, धतूरा इत्यादि अर्पित करें. पूजा के दौरान मां गंगा के मंत्रों का जाप करें और अंत में मां गंगा की आरती के साथ पूजा संपन्न करें।

# सरकार ने कच्चे तेल पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में की कटौती



**नई दिल्ली।** भारत पहली बार 1 जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ या विंडफॉल टैक्स लगाकर उन देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। सरकार ने शनिवार से घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन या एटीएफ के निर्यात पर एसएईडी को शून्य पर बरकरार रखा गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि नई दरें आज (15 जून) से प्रभावी होंगी। भारत पहली बार 1 जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ या विंडफॉल टैक्स लगाकर उन देशों में शामिल हो गया था जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण मुनाफे पर कर लगाते हैं। पिछले दो हफ्तों में तेल की औसत कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े कर दरों की समीक्षा की जाती है।

# भारत का निर्यात नौ फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर, व्यापार घाटा 7 माह के शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत से वस्तुओं का निर्यात मई, 2024 में सालाना आधार पर 9 फीसदी बढ़कर 38.13 अरब डॉलर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में देश से 34.95 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात किया गया था।



व्यापार घाटा भी पिछले माह बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले अक्तूबर, 2023 में सर्वाधिक 31.46 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ था। वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, कच्चे तेल की खरीदारी बढ़ने से मई में आयात भी 7.7 फीसदी बढ़कर 61.91 अरब डॉलर पहुंच गया। मई, 2023 में 57.48 अरब डॉलर का आयात किया गया था। मंत्रालय ने कहा कि इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इससे पहले अप्रैल, 2024 में देश का निर्यात घटकर 41.68 अरब डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों यानी अप्रैल-मई में निर्यात 5.1 फीसदी बढ़कर 73.12 अरब डॉलर पहुंच गया। आयात भी 8.89 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 116 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# भारत में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर कंपनियां स्किल्ड फ्रेशर्स को ऑफर कर रही अधिक सैलरी

**बेंगलुरु।** भारत में सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर सेक्टर की आईटी कंपनियों में बीते छह महीने में स्किल्ड फ्रेशर्स की मांग 5 प्रतिशत बढ़ी है। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। टैलेंट प्लेटफॉर्म फाउंडिट (पूर्व मॉन्स्टर) की ओर से जारी किए डेटा में बताया गया कि नए ग्रेजुएट लोगों को आईटी सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर इंडस्ट्रीज में उच्च वेतन मिल रहा है। इसकी औसत रेंज 4.07 लाख रुपये से लेकर 7.49 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच है। इसके बाद बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विसेज एंड इंश्योरेंस (बीएफएसआई) का नाम आता है। यहां औसत वेतन 3.06 लाख रुपये से लेकर 5.49 लाख रुपये प्रति वर्ष है। इसके बाद ऑटोमोटिव, इंजीनियरिंग, एफएमसीजी, फूड एंड पैकेज्ड फूड इंडस्ट्री का नाम आता है। जहां औसत वेतन 3.11 लाख रुपये से लेकर 5.38 लाख रुपये प्रति वर्ष है। डेटा के मुताबिक, बेंगलुरु में फ्रेशर्स को सबसे ज्यादा औसत 4.16 लाख रुपये प्रति वर्ष का वेतन मिलता है और वहीं, मुंबई में फ्रेशर्स के लिए औसत वेतन 3.99 लाख रुपये प्रति वर्ष है। दिल्ली और बेंगलुरु की आईटी कंपनियों में सबसे ज्यादा फ्रेशर्स की मांग है। इसके बाद मुंबई, चेन्नई और पुणे का नाम है। फाउंडिट के सीईओ शेखर गरिसा ने कहा कि हमने एक ट्रेंड स्पष्ट रूप से देखा कि स्टार्टअप और अन्य कंपनियां शिक्षा की जगह स्किल को अधिक महत्व दे रही हैं। युवाओं को अपना फोकस अच्छी स्किल को हासिल करने में लगाना चाहिए।



# ईद-उल-अजहा से पहले पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम में की कमी

**नई दिल्ली।** भीषण महंगाई की मार झेल रही पाकिस्तानी जनता को शहबाज शरीफ वाली सरकार ने बड़ी राहत दी है। पाक सरकार ने ईद-उल-अजहा पर्व से पहले पेट्रोल 10.20 रुपये और हाई-स्पीड डीजल 2.33 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। पेट्रोल-डीजल के दाम शनिवार से ही लागू होंगी। नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान में शहबाज सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। दरअसल ईद-उल-अजहा से पहले ही सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम घटा दिए हैं। जिससे आम जनता त्योहार से पहले जरूर थोड़ी राहत की सांस लेगी। पाकिस्तानी वित्तीय विभाग की तरफ से हर 15 दिन में ईंधन की कीमतों की समीक्षा की जाती है। इस कड़ी में वित्त विभाग ने ईंधनों में नए मूल्य कटौती के लिए एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की और कहा कि नई कीमतें अगले पखवाड़े के लिए लागू होंगी।

**शनिवार से ही लागू होंगी नई कीमतें:** पड़ोसी देश में नई कीमतें शनिवार से ही लागू हो जाएंगी। जिसके अनुसार कटौती के बाद पेट्रोल की कीमत 258.16 रुपए प्रति लीटर होगी, वहीं हाई स्पीड डीजल की नई कीमत 267.16 रुपए होगी। वित्त विभाग की तरफ से जारी किए अधिसूचना के मुताबिक तेल और गैस विनियामक प्राधिकरण (ओजीआरए) ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव के आधार पर उपभोक्ता कीमतें तय की हैं। वहीं पाकिस्तानी सरकार के पेट्रोलियम की कीमतों में कटौती के कदम से दोहरे अंकों की महंगाई की मार झेल रही पाकिस्तानी जनता को फायदा होगा। वहीं आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ये लगभग दो सालों में सबसे निचला स्तर है और मई 2023 में दर्ज किए गए रिकॉर्ड 38 फीसदी से काफी कम भी है। इससे पहले पाकिस्तानी सरकार ने 31 मई को पेट्रोल के दामों 4.74 रुपये और हाई स्पीड डीजल के दामों में 3.86 रुपये की कटौती की थी।



### 20 फीसदी से ज्यादा महंगाई की मार झेल रहा पाकिस्तान

फिलहाल नकदी की कमी से जूझ रहा पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के बेलआउट कार्यक्रम के तहत सुधारों पर भी काम कर रहा है। बता दें कि मई 2022 से ही पाकिस्तान 20 फीसदी से ज्यादा महंगाई की मार झेल रहा हैं। हालांकि, सालाना महंगाई दर अप्रैल में चौथे महीने धीमी होकर 17.3 फीसदी पर पहुंची थी।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

टीचर : एक टोकरी में 10 आम है, उसमें से २ आम सड़ गए, बताओ कितने आम बचे ?
संजू : सर, 10 आम
टीचर : वो कैसे ?
संजू : सड़ने के बाद भी आम तो आम ही रहेगा ना, केले तो बन नहीं जायेंगे ?
आज संजू एक वकील है

---

टीचर :- क्लास में लड़ाई क्यों नही करनी चाहिए..?
संजू :-क्योंकि पता नही एग्जाम में कब किसके पीछे बैठना पड़ जाये..!

## रोचक तथ्यों का करंट

- सुनील दत्त सुवे नायक से कहीं ज्यादा थे, वह काफी बड़े बॉलीवुड खलनायक थे! इस अभिनेता ने अपने करियर में 20 फिल्मों में एक डाकू की भूमिका निभाई थी।
- ऋतिक रोशन फिल्म स्वदेस में मोहन की भूमिका के लिए पहले अभिनेता थे। लेकिन उनके इसे अस्वीकार करने के बाद, शाहरुख ने इसे उठा लिया और इसे प्रतीक बना दिया।
- राज कपूर अंधविश्वासपूर्ण थे और फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' (1978) की रिलीज से पहले मांसाहारी भोजन खाने के साथ-साथ पीने से भी परहेज कर लिया था।
- राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकर' पहली हिंदी फिल्म थी जिसमें एक नहीं बल्कि दो अंतराल थे!
- आपको जानकर हैरानी होगी की, श्रीदेवी केवल 13 वर्ष की उम्र में थीं जब उन्होंने रजनीकांत की सौतेली माँ का किरदार फिल्म 'मोंडू मुडिचु' नामक एक तमिल फिल्म में निभाया था।
- लता मंगेशकर का गीत 'ऐ मलिक तेरे बंदे हम' फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ' (1957) जो वसंत देसाई की मूल रचना थी, को एक पाक स्कूल द्वारा स्कूल गान के रूप में स्वीकृत किया गया था।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

16 06 2024

### आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



अंजलि
अभिनेत्री



जीविका मुद्गल, संगीता रानी, संयम गर्ग, जसमीत सिंह, मनीष भारद्वाज, मनोज पंडित
राजेश शर्मा, निकुंज त्यागी, पंकज शर्मा, मोहित, रमाकांत शर्मा, महेश कश्यप
धीरेन्द्र कम्बोज, प्रिंस राठौड़, लक्ष्मण शर्मा, विकास कुमार, शिवम सिंह, निशांत शुक्ला, शुभम सिंह

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# मेजबान जर्मनी ने स्कॉटलैंड को 5-1 से हराकर की शानदार शुरूआत



**म्यूनिख।** फ्लोरियन विट्ज़. और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5-1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप (यूरो 2024) में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। विट्ज़.ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया।

जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा,ह्यह्यहम वास्तव में इसी तरह की शुरूआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और हमने वैसा प्रदर्शन किया जैसा हम चाहते थे।

# नेपाल टी20 विश्व कप में एक और उलटफेर करने से चूका, दक्षिण अफ्रीका से 1 रन से हारा



**किंग्सटाउन।** नेपाल जीत के बेहद करीब पहुंचने के बावजूद टी20 विश्व कप में सबसे बड़ा उलटफेर करने से चूक गया और दक्षिण अफ्रीका ने आखिर में एक रन से जीत दर्ज करके टूनामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 115 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से रीजा हेंड्रिक्स ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। नेपाल की तरफ से कुशाल भुर्तेल ने 19 रन देकर चार और दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 21 रन देकर 3 विकेट लिए। नेपाल को मैच की अंतिम गेंद पर जीत के लिए दो रन की जरूरत थी।

अगर वह एक रन भी बना लेता तो मैच सुपर ओवर तक खिंच जाता लेकिन किशोर खिलाड़ी गुलशन झा तेजी से रन चुराने के प्रयास में रन आउट हो गए। इस तरह से नेपाल 7 विकेट पर 114 रन ही बना पाया। नेपाल के खिलाड़ी निराश थे क्योंकि उन्होंने आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ 12 प्रयासों में पहली जीत दर्ज करने का सुनहरा अवसर गंवा दिया। नेपाल को एक समय 24 गेंद पर 22 रन की जरूरत थी। उसे अंतिम तीन ओवर में जीत के लिए 18 रन चाहिए थे लेकिन उसने छह गेंद और एक रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। इनमें से दो विकेट स्पिनर तबरेज शम्सी (19 रन देकर चार विकेट) ने लिए।

नेपाल को अंतिम ओवर में आठ रन चाहिए थे। ओटनील बार्टमैन के इस ओवर में गुलशन पहली दो गेंद पर रन नहीं बना पाए इसके बाद उन्होंने चौका लगाया। जब नेपाल को तीन गेंद पर चार रन चाहिए थे तब गुलशन ने सोमपाल कामी के साथ दौड़ कर दो रन लिए। पांचवीं गेंद पर कोई रन नहीं बन पाया और अगली गेंद पर गुलशन रन आउट हो गए। आसिफ शेख के 42 रन और अनिल शाह के 27 रन की मदद से नेपाल लक्ष्य के करीब पहुंच पाया था। नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा, आखिर में यह बेहद करीबी मुकाबला बन गया था। मुझे लगता है की महत्वपूर्ण मौकों पर हमने अच्छा प्रदर्शन किया। अगर हम बड़ी टीमों के खिलाफ लगातार खेलते रहे तो अगली बार हमारी जीत होगी।

# प्रणय की हार से ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त



विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा।

**सिडनी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा।

प्रणय ने शुरूआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। नाराओका ने दूसरे गेम में 5-5 की बराबरी के बाद अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी लोह किन यू को हराकर उलटफेर करने वाले समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके।

रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी ने उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया। मिश्रित युगल में सुमित और सिक्की की आठवीं वरीयता प्राप्त पति-पत्नी जोड़ी को भी जियान जेन बैंग और वेई या शिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से शिकस्त मिली। बैंग और शिन ने 21-12, 21-14 से आसान जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि 42 मिनट तक चले महिला एकल मुकाबले में चीनी ताइपे की यू पो पाई से 21-17, 21-12 से हार गईं।

# सुमित नागल का शानदार प्रदर्शन जारी, पेरूगिया चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को पेरूगिया चैलेंजर टेनिस टूनामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय नागल ने क्वार्टर फाइनल में गैर वरीयता प्राप्त पोलैंड के माक्स कसनिकोवस्की पर सीधे सेट में 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। शनिवार को सेमीफाइनल में नागल का सामना स्पेन के गैर वरीय बनार्बे जापाटा मिरालेस और दूसरे वरीय सर्बिया के लास्लो जेरे के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। यह नागल की जर्मनी में हीलब्रोन चैलेंजर के शुरू होने के बाद लगातार आठवीं जीत है।

नागल ने इससे पहले शुरूआती दौर में बोस्निया हजेगोविना के गैर वरीय नर्मन फाटिक पर और फिर प्री क्वार्टर फाइनल में इटली के गैर वरीय एलेसांद्रो जियानेसी पर जीत दर्ज की थी। पिछले हफ्ते नागल ने हीलब्रोन चैलेंजर खिताब जीता था जो उनकी इस सत्र में दूसरी चैलेंजर ट्राफी थी। उन्होंने फरवरी में चेन्नई चैलेंजर में फतह हासिल की थी। एटीपी सिंगल्स रैंकिंग में नागल अभी 77वें स्थान पर है जिससे उनका अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक में स्थान सुनिश्चित हुआ।

# पहली बार टी20 विश्व कप खेल रहा अमेरिका सुपर आठ में पहुंचा



**फोर्ट लाउडरहिल।** अमेरिका ने शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद अपने पहले ही प्रयास में टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण को पार करने के साथ ही पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को टूनामेंट से बाहर कर दिया। अमेरिका ने अपने पहले दो मुकाबलों में पड़ोसी देश कनाडा और मजबूत पाकिस्तान पर जीत दर्ज की थी। उसे भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा लेकिन ग्रुप ए में उसका आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इस मैच रद्द होने से वह ग्रुप से से भारत के साथ सुपर आठ चरण में पहुंच गया।

अंपायरों ने कई बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच को रद्द करने का फैसला किया। जिसका मतलब यह हुआ कि पाकिस्तान की मजबूत टीम उस टूनामेंट से बाहर हो गई, जिसे उन्होंने 2009 में जीता था। अमेरिका ने ग्रुप लीग अभियान को चार मैचों में पांच अंकों के साथ समाप्त किया और पाकिस्तान अगर आयरलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीत भी जाता है तो अधिकतम चार अंकों तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान रविवार को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ जीत के लिए 120 रन का लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा था। इससे पहले, डलास में अपने शुरूआती मैच में उसे अमेरिका से सुपर ओवर में करारी हार का सामना करना पड़ा था।

अमेरिका ने लगभग टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में लगभग 200 रनों का पीछा करते हुए कनाडा पर शानदार जीत दर्ज की थी। उसने टी20 विश्व कप के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक में पिछले साल के उपविजेता पाकिस्तान को झटका दिया और फिर खिताब के प्रबल दावेदार भारत को कड़ी टक्कर दी। टीम ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में बांग्लादेश को शिकस्त दी थी। फोर्ट लाउडरहिल फ्लोरिडा का हिस्सा है जो उष्णकटिबंधीय तूफान की चपेट में है।

# न्यूजीलैंड के खराब प्रदर्शन के बाद ट्रेंट बोल्ट ने किया बड़ा ऐलान



**न्यूजीलैंड।** टी20 वर्ल्ड कप में 2024 में न्यूजीलैंड टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। कीवी टीम पहले ही सुपर 8 की रेस से बाहर हो चुकी है। ग्रुप सी में मौजूद इस टीम ने अब तक 3 मैच खेले और उन्हें 2 में हार झेलनी पड़ी। वहीं न्यूजीलैंड टीम के इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ट्रेंट बोल्ट ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने टी20 क्रिकेट से संन्यास का मन बना लिया है। युगांडा के खिलाफ जीत के बाद ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि ये उनका आखिरी टी20 वर्ल्ड कप है।

बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप , एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से चार टी20 विश्व कप में भाग लिया है। बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप होगा। मुझे बस इतना ही कहना है।

युगांडा के खिलाफ मैच से पहले ही न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के सुपर आठ दौर से बाहर हो गयी थी। टीम अब ग्रुप सी में अपने आखिरी मैच में पापुआ न्यू गिनी का सामना करेगी जो टी20 विश्व कप में 34 साल के इस बायें हाथ के गेंदबाज का आखिरी मैच होगा। उन्होंने सुपर आठ से बाहर होने पर कहा, निश्चित रूप से हम टूनार्मेंट में ऐसी शुरूआत नहीं चाहते थे। इसे पचा पाना कठिन है। हम निराश है कि आगे नहीं बढ़ सके लेकिन जब भी आपको देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है, तो यह गर्व का क्षण होता है।

**निश्चित रूप से हम टूनार्मेंट में ऐसी शुरूआत नहीं चाहते थे। इसे पचा पाना कठिन है। हम निराश है कि आगे नहीं बढ़ सके लेकिन जब भी आपको देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है, तो यह गर्व का क्षण होता है।**

इस प्रारूप के विश्व कप में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस सत्र से पहले टीम 2014 के बाद से हर बार सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि, देश के लिए खेलने को लेकर ड्रेसिंग रूम में बहुत गर्व का माहौल है। पिछले कई वर्षों में हमारे रिकॉर्ड बेहतरीन रहे हैं। दुर्भाग्य से बीते सप्ताह हम अच्छा नहीं खेल सके और क्वालीफिकेशन से बाहर हो गये।

## मोहम्मद कैफ ने खोल दी पाकिस्तान की पोल

# टीम के टूनार्मेंट से बाहर होने पर बाबर, रिजवान और आमिर को लगाई लताड़



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम शुक्रवार को टी20 विश्व कप 2024 में ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई है। ग्रुप ए से भारत और यूएसए की टीम ने सुपर-8 के लिए क्वालीफाई किया। अमेरिका ने ग्रुप लीग अभियान को चार मैचों में पांच अंकों के साथ समाप्त किया और पाकिस्तान अगर आयरलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीत भी जाता है तो अधिकतम चार अंकों तक पहुंच सकता है। टी20 विश्व कप के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब पाकिस्तान पहले राउंड में ही खुद से टूनार्मेंट से बाहर हो गया है। पाकिस्तान के बाहर होने के पीछे की वजह भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और मोहम्मद आमिर को बताया है। मोहम्मद कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, पहले मैच में, मोहम्मद आमिर सुपर ओवर में वाइड फेंक रहे थे। ये बहुत ही खराब गेंदबाजी थी। आप वो मैच गेंदबाजी की वजह से हारे। अगले मैच में, 119 रन चेज नहीं कर सके। उन्होंने खराब बल्लेबाजी की और कैच छोड़े। मैं समझता हूं कि उन्होंने कनाडा को हराया लेकिन उन्होंने वहां पर ऐसा कुछ नहीं किया, जिसके लिए उनकी प्रशंसा हो। उन्होंने आगे कहा, बाबर आजम सेट थे (भारत के खिलाफ) और मैच नहीं जिता सके। मोहम्मद रिजवान भी सही खेल रहे थे। वे बल्लेबाजी की वजह से भी मैच हारे। जहां दोनों बल्लेबाज सेट थे। वे दबाव में बिखर जाते हैं। वे कैच छोड़ देते हैं और दबाव में बल्लेबाजी करने में असमर्थ होते हैं।

# यूपी में नए कबड्डी लीग की शुरूआत, 11 से 25 जुलाई तक नोएडा स्टेडियम में देखने को मिलेगा एक्शन



**नोएडा।** देश के सबसे पुराने देसी और लोकप्रिय खेलों में शामिल कबड्डी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। यही कारण है कि पहले गांवों और कस्बों में खेला जाने वाला यह खेल अब एक बड़े आयोजन का रूप लेने लगा है। आने वाली 11 जुलाई को यूपी कबड्डी एसोसिएशन के सहयोग से उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के पहले सीजन का आयोजन किया जा रहा है, जो 25 जुलाई तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में चलेगा।

इस आयोजन की घोषणा यूपीकेएल के संस्थापक संभव जैन और एकेएफआई के संयुक्त सचिव और उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के सदस्य विनय कुमार सिंह द्वारा हाल ही में की गई। यूपीकेएल के संस्थापक संभव जैन ने कहा, 'हमारा उद्देश्य कबड्डी को बढ़ावा देना और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इसलिए हम इस लीग को लेकर बेहद रोमांचित हैं।'

यूपीकेएल मेगा नीलामी 10 जून 2024 को नोएडा के सरोवर होटल में की गई। उन्होंने यह भी बताया कि इस कबड्डी लीग में कुल 8 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें यमुना योद्धा, नोएडा निन्जा, काशी किंग्स, अवध रामदूत, ब्रज स्टार्स, संगम चैलेंजर्स, अयोध्या वॉरियर्स और गंगा किंग्स ऑफ मिजार्पुर शामिल हैं। प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे, जिसमें पूरे उत्तर प्रदेश और भारत के अन्य क्षेत्रों से कुल 120 प्रतिभागी शामिल होंगे।

जितने बड़े स्तर पर इस लीग का आयोजन किया जा रहा है, उससे इस खेल के प्रशंसकों में बढ़ोतरी होने और युवाओं में कबड्डी के प्रति भरपूर जोश पैदा होने की पूरी उम्मीद है। इस घोषणा के अवसर पर यूपीकेएल के स्पोर्ट्स एंबेसडर राहुल चौधरी ने कहा कि यह प्रतियोगिता कबड्डी खिलाड़ियों के लिए पेशेवर स्तर पर प्रदर्शन और अनुभव हासिल करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# वो रन आउट जिसने तोड़ा नेपाल का दिल, टी20 वर्ल्ड कप की पहली जीत दर्ज करने से मात्र 1 रन से चूके



**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप में उस समय एक और बड़ा उलटफेर होने से बचा जब नेपाल को साउथ अफ्रीका के खिलाफ 1 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस टूनार्मेंट में क्रिकेट प्रेमियों को कई उलटफेर देखने को मिले। यूएस ने पाकिस्तान को हराकार टूनार्मेंट का सबसे बड़ा उलटफेर किया, वहीं अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को शिकस्त दी। अगर आज नेपाल साउथ अफ्रीका को धूल चटाने में कामयाब रहता तो उनकी गिनती भी इस लिस्ट में होती, हालांकि वो ऐसा करने में नाकाम रहे। नेपाल को आखिरी ओवर में जीत के लिए 8 रनों की दरकार थी, टीम ने पहली चार गेंदों पर 6 रन बना लिए थे, मगर आखिरी दो गेंदों पर नेपाल दो रन नहीं बना पाया।

बड़ा उलटफेर करने से चूका नेपाल, सांसे रोक देने वाले मैच में साउथ अफ्रीका मात्र 1 रन से जीता।

ओट्टनील बार्टमैन की आखिरी गेंद पर एक रन लेकर नेपाल के पास मैच टाई कर सुपर ओवर कराने का भी मौका था, मगर गुलशन झा के रन आउट ने नेपाल का दिल तोड़ दिया। ओट्टनील बार्टमैन की आखिरी गेंद पर गुलशन झा अपर-कट खेलना चाहते थे, मगर वह गेंद को मिस कर बैठे। गेंद सीधा विकेट कीपर क्विंटन डी कॉक के दस्तानों में गई। नेपाल के बल्लेबाज एक रन चुरान के लिए भागे और डी कॉक ने समझदारी दिखाते हुए सीधा थ्रो नॉन स्ट्राइकर एंड पर फेका।

वहां मौजूद क्लासेन ने गेंद को पकड़ा और नॉन स्ट्राइकिंग एंड पर झा को रन आउट कर मैच को 1 रन से अपने नाम किया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम ने रीजा हेंड्रिक्स की 43 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 115 रन बोर्ड पर लगाए। हेंड्रिक्स के बाद ट्रिस्टन स्टब्स ने 18 गेंदों पर 27 रनों की सर्वाधिक पारी खेली। वहीं नेपाल के लिए गेंदबाजी में कुशल भुर्तेल चमके जिन्होंने 4 विकेट चटकाए, वहीं दीपेन्द्र सिंह को तीन सफलताएं मिली।

116 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी नेपाल की टीम को कुशल भुर्टेल (13) और आसिफ शेख (42) ने अच्छी शुरूआत देते हुए पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। इन दोनों को ही शम्सी ने पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद अनिल साह ने 27 रन की पारी खेल नेपाल को टारगेट के नजदीक पहुंचाया।

आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 8 रनों की दरकार थी। ओट्टनील बार्टमैन की तीसरी गेंद पर चौका और चौथी गेंद पर दो रन लेकर गुलशन झा ने नेपाल को जीत की दहलीज पर ला खड़ा किया, मगर आखिरी दो गेंदों पर वह दो रन नहीं बना पाए। आखिरी गेंद पर झा रन आउट हुए और नेपाल मात्र 1 रन से यह मैच हारा।

# बाबर से लेकर रिजवान... सबकी कटेगी सैलरी!

**नई दिल्ली।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और वह सुपर 8 में जगह नहीं बना सकी। पाकिस्तान टीम को पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के हाथों सुपर ओवर में हार झेलनी पड़ी थी। फिर उसे टीम इंडिया ने छह रनों से हरा दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने कनाडा को जरूर 7 विकेट से हराया। मगर यूएसए और आयरलैंड के बीच मैच धुलने के साथ ही उसका पत्ता कट गया।

आयरलैंड के खिलाफ मैच धुलने के चलते अमेरिकी टीम के 5 अंक हो गए और वो अगले राउंड में पहुंच गई। अब पाकिस्तानी टीम 16 जून (रविवार) को आयरलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीत भी लेती है तो भी वह 4 अंकों तक ही पहुंच पाएगी। हालांकि उस मैच के भी धुलने की पूरी संभावना है। अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड काफी सख्त कदम उठाने जा रहा है।

# आईटीएस में पुरातन छात्र समागम कार्यक्रम सम्पन्न







● **समारोह का उद्देश्य सिर्फ पुरानी यादों को ताजा करना ही नहीं है, बल्कि नए विचारों और अनुभवों को साझा करना भी है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहननगर स्थितआईटीएस में पुरातन छात्र समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में लगभग २५० से अधिक पुरातन छात्र तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारम्भ आईटीएस के आई टी तथा यूजी विभाग के निदेशक डॉ० सुनील कुमार पांडेय, एमसीए कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. पूजा धर, एल्युमिनी कोऑर्डिनेटर तथा वरिष्ठ पुरातन छात्रों के द्वारा माँ वीणा वादिनी के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। आईटीएस समूह के चेयरमैन डॉ० आर० पी० चड्ढा तथा वाईस चेयरमैनअर्पित चड्ढा ने हर्ष व्यक्त किया तथा सभी पुरातन छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के आरम्भ में एमसीए विभाग के एल्युमिनी कोऑर्डिनेटर प्रो. सौरभ सक्सेना ने कार्यक्रम के उद्देश्य तथा रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अपने स्वागत सम्बोधन में आई० टी० तथा स्नातक विभाग के निदेशक डॉ० सुनील कुमार पांडेय ने प्रेरणादायक शब्दों से सभी को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने उपस्थित पुरातन छात्रों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संस्था एव सभी शिक्षकों के लिए पुरातन छात्रों की वैश्विक स्तर पर शीर्ष एवं प्रतिष्ठान में उपस्थिती एवं योगदान गर्व का अनुभव कराती है। एमसीए विभाग की चेयरपर्सन प्रो. पूजा धर ने कहा कि इस समारोह का उद्देश्य सिर्फ पुरानी यादों को ताजा करना ही नहीं है, बल्कि नए विचारों और अनुभवों को साझा करना भी है। इसअवसर पर प्रो.स्मिता कंसल ने इस सफल आयोजन के लिए सभी उपस्थित लोगों, आयोजकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। एमसीए कार्यक्रम के सभी छात्र तथा संकाय सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# गाजियाबाद में 2 ईंट भट्ठों पर जीएसटी विभाग का छापा, लाखों का माल सील, टैक्स चोरी कर सरकार को लगा रहे थे चूना

● **टर्नओवर छिपाकर और बिक्री कम दिखाकर कर की जा रही थी चोरी**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में मोदीनगर और धोलाना में दो ईंट के भट्ठों पर स्टेट टैक्स डिपार्टमेंट ने छापा मारा है। जांच में दोनों के संचालक टैक्स चोरी करते पाए गए। जीएसटी टीम ने मौके पर पाया गया लाखों रुपये का माल सील कर दिया है। कुछ दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। टैक्स की वसूली की जाएगी और नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया जाएगा।



### जानिए कैसे कर रहे थे फजीर्वाड़ा

गाजियाबाद के एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 1 दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एडिशनल कमिश्नर ग्रेड 2 एसआईबी जोन 1 सरिता सिंह के नेतृत्व में गाजियाबाद और हापुड़ में दो भट्ठों पर छापेमारी की गई। मोदीनगर के गांव महमदपुर कदीम में छह प्रतिशत कर देनदारी स्वीकार कर आईटीएस का लाभ लिया गया है। साथ ही टर्नओवर छिपाकर और बिक्री कम दिखाकर कर चोरी की जा रही थी। भट्ठे की प्रति चक्र क्षमता 20 लाख ईंट बनाने की है। जांच में 25.84 लाख पकी हुई ईंटें, दस टन कोयला मिला। बिना स्टॉक रजिस्टर मेंटेन किए कारोबार किया जा रहा था। सब कुछ सील कर दिया गया।

### ईंटें बनाते थे ज्यादा, दिखाते थे कम

जीडीए की टीम ने धौलाना के गांव सुखदेव पुर समाना रोड पर एक भट्ठे पर छापा मारा। फर्म ने वर्ष 2023-24 में 61.25 लाख रुपये की ईंटों की आपूर्ति दिखाई, जबकि भट्ठे की क्षमता 40-50 लाख ईंटें प्रति वर्ष बनाने की है। इससे साफ है कि जानबूझकर कम टर्नओवर दिखाकर टैक्स चोरी की जा रही थी। भट्ठे पर करीब 75 कर्मचारी काम करते मिले। भट्ठे की प्रति चक्कर 15 लाख ईंट बनाने की क्षमता है। जांच करने पर भट्ठे पर 19.43 लाख पकी हुई ईंटें और 30 टन ताड़ी मिली।

## ट्रांसफार्मर फुंकने से 14 घंटे बाधित रही बिजली

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** 400 केवीए बिजली का ट्रांसफार्मर में फुंकने से तीन कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति 14 घंटे से अधिक समय तक बाधित रही। बिजली ना आने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

दिल्ली मेरठ मार्ग पर तेल मिल कॉलोनी के गेट पर 400 केवीए का बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। इस ट्रांसफार्मर से धोबी घाट, उमेश पार्क व तेल मिल गेट कॉलोनी में बिजली आपूर्ति की जाती है। रात बारह बजे के आसपास ओवरलोडिंग होने के चलते अचानक ट्रांसफार्मर में आग लग गई और तेज धमाके से फूंक गया। ट्रांसफार्मर में आग लगने से तीनों कॉलोनियों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। रात करीब बारह बजे गई बिजली दोपहर दो बजे के बाद ही आई। 14 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोग पीने के पानी को भी तरस गए। अधिशासी अभियंता ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी गई है।

# वर्ल्ड डोनेशन डे पर संतोष अस्पताल में गोष्ठी आयोजित





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** वर्ल्ड ब्लड डोनेशन डे पर संतोष अस्पताल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रक्तदान पर मेडिकल विशेषज्ञ और डॉक्टरों ने अपने-अपने सुझाव दिए, रक्तदान करने से अन्य तरह की समस्याएं आती हैं सभी मिथकों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खंडन किया गया और रक्तदान महादान इस विचार को बल दिया गया।

गोष्ठी में लगभग मेडिकल के 125 स्टूडेंट्स और डॉक्टर्स ने भाग लिया। ब्लड बैंक प्रमुख डॉक्टर अमित वर्मा, टेक्निकल ऑफीसर मड़िकम, टेक्निकल सुपरवाइजर शशि शुक्ला, टेक्नीशियन गौरव चौहान, टेक्नीशियन सुमित रौतेला, टेक्नीशियन विजय ,क्लइळ हेड डॉक्टर मयूरिका एस त्यागी ने भाग लिया।

कार्यक्रम के चीफ गेस्ट चिकित्सा निदेशक मनीष सबरवाल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर अल्पना , मेडिकल डीन डॉ. अलका अग्रवाल उपस्थित रहे। सीएसआर प्रमुख श्वेता चौधरी ने कहा कि रक्तदान करने से कोई भी दिक्कत परेशानी नहीं होती है, रक्तदान के द्वारा हम कई जान बचा सकते हैं।

# यज्ञोपवीत हमारी भारतीय वैदिक संस्कृति की पहचान है: कृष्ण शास्त्री





**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** राजनगर स्थित कुसुम गोयल डॉ० संतोष सरस्वती विद्या मंदिर में चल रहे युवक चरित्र निर्माण और आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर में शनिवार को यज्ञोपवीत की विशेषता बताते हुए कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यज्ञोपवीत में तीन धागे एवं पांच गांठ होती हैं जिसका तात्पर्य है कि प्रत्येक मनुष्य पर तीन ऋण हैं,देव ऋण ,ऋषि ऋण, पितृ ऋण। इन ऋणों से उऋण होने के लिए यज्ञोपवीत हमें याद दिलाता है` पांच गांठ का अर्थ पंच महायज्ञ से है। ब्रह्मयज्ञ ,देव यज्ञ,पितृ यज्ञ, अतिथि यज्ञ,बलिवैश्वदेव यज्ञ,यज्ञोपवीत हमारी भारतीय वैदिक संस्कृति की पहचान है। प्रत्येक मनुष्य को यज्ञोपवीत पहनना चाहिए । विद्यालय की प्रबन्धक दीप्ति मित्तल ने ब्रह्मचर्य आश्रम के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए अपनी ऊर्जा को पढ़ाई के साथ -साथ राष्ट्र निर्माण में भी लगाएं ।इस अवसर पर जिला सभा के मंत्री सत्यवीर चौधरी ने बताया कि आज शाम 5:30 बजे भव्य समापन समारोह है जिसमे 7 दिनों में शिविर में रहकर 180 युवकों ने जो सीखा है उसका प्रदर्शन भी किया जायेगा। प्रमुख रूप से आचार्य धर्मवीर, कृष्णदेव आर्य, नरेंद्र पांचाल, प्रधानाचार्य पंकज कुमार,ओमेंद्र आर्य ,उमेन्द्र चंद्र दत्त आर्य, सचिन शास्त्री , आचार्य रामेश्वर शास्त्री , सुदर्शन आर्य, लक्ष्मण सिंह चौहान, सलेक भइया, ब्रजपाल सिह निमेष, नरेंद्र नाथ सरदाना ,अमित त्यागी ,सुमन राजपूत आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद की हवा होगी साफ : नगर निगम को मिले 17 करोड़ रुपये, इन कार्यों पर खर्च होगी धनराशि

● **कूड़े में आग लगाने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरती जायेगी।**




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद की हवा जल्द ही साफ नजर आएगी। इसे लेकर नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल, गाजियाबाद नगर निगम को वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए शासन से करीब 17 करोड़ रुपये मिले हैं। यह धनराशि किन कार्यों पर खर्च की जाएगी, इसकी योजना बनाई जा रही है। उम्मीद है कि सड़कों के निर्माण और हरित पट्टियों के विकास पर अधिक धनराशि खर्च होगी।

### सड़कों के किनारे लगाए जाएंगे पौधे

शहर में बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए नगर निगम लगातार काम कर रहा है। इसी क्रम में केंद्र सरकार की ओर से वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए निगम को 17 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। निगम को यह धनराशि प्रदूषण कम करने पर ही खर्च करनी है। निगम से काम कराने के लिए योजना बनाई जा रही है। धूल उड़ने से रोकने के लिए जर्जर सड़कों पर और काम कराया जाएगा। इसके अलावा ग्रीन बेल्ट विकसित की जाएंगी। सड़कों के किनारे पौधे लगाए जाएंगे।

### अभी तक प्रदूषण में मामूली सुधार

नगर निगम की तरफ से प्रमुख सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र की कई सड़कों का निर्माण कराया गया। वहां सड़कें बनने के बाद धूल उड़ना बंद हो गई है। इसके साथ ही हरित पट्टियों का विकास किया जा रहा है। कूड़े को उठाकर उसका निस्तारण किया जा रहा है। कूड़े में आग लगाने वालों के खिलाफ भी सख्ती बरती जा रही है। हालांकि अभी तक प्रदूषण में मामूली सुधार ही हो पाया है।

# पुण्यतिथि पर किया भंडारा व मीठे जल का वितरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक कुमार तोमर की माताश्री स्वर्गीय विमलेश तोमर की 18वीं पुण्यतिथि पर कविनगर के रामलीला मैदान में मीठे जल एवं भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने भोजन प्रसाद एवं मीठा जल ग्रहण किया। इस अवसर पर रामकुमार तोमर, विवेक तोमर,तूलिका तोमर, परी, पार्थ, दुष्यंत, निशित रावल,भूपेंद्र चौहान,रीना चौहान, हेमंत तंवर ,गौरव शर्मा, मोहित चौधरी, शैलेन्द्र चौहान, कुलदीप राजपूत,आयुष राजपूत,अनुज, पंकज आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से एक बदमाश घायल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** 13 दिन पहले महिला को बंधक बनाकर की गई लूट में शामिल बदमाश और पुलिस के बीच शुक्रवार देर रात मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया।



एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि शुक्रवार की रात 12 बजे के आसपास सूचना मिली कि निवाड़ी पतला मार्ग पर नगला मूसा में महिला से लूट करने वाले बदमाश किसी बड़ी वारदात करने के लिए घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही निवाड़ी थाना प्रभारी व स्वाट टीम को मौके पर भेजा गया। इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की दोनों और से कई राउंड फायरिंग हुई जिससे पैर में गोली लगने से एक बदमाश वसीम पुत्र सल्लू निवासी फिरोजपुर नखासा जनपद संभल हाल पता झुग्गी झोपड़ी मुरादनगर घायल हो गया, जबकि दूसरे ने अपना नाम सलमान पुत्र वकालत निवासी धौरा टांडा मौजीपुरा बरेली बताया है। घायल बदमाश वसीम पर सात मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं। पुलिस ने बदमाशों के पास से तमंचा व लूटी गई नगदी बरामद की है।

## अतुल गर्ग को सांसद चुने जाने पर रालोद नेताओं ने दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अतुल गर्ग के लोकसभा सांसद चुने जाने पर रालोद नेताओं ने उनके निवास पर जाकर उन्हें बधाई दी और जिले के विकास के बारे में चर्चा की। सांसद अतुल गर्ग को बधाई देने वालों में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट अजयवीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया आदि शामिल रहे।

## युवक के खाते से उड़ाए 2.95 लाख रुपए

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवक से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात कहकर लिंक भेजकर खाते से 2.95 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर की सूरत सिटी कॉलोनी निवासी अजय जैन परिवार सहित रहते हैं। उनके पास एक युवक का फोन आया, फोन करने वाला युवक अपने आप को एक्सिस बैंक का अधिकारी बता रहा था। उसने कहा कि आपको अपने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ानी है। अजय जैन ने लिमिट बढ़ाने के लिए कह दिया। इसके बाद अजय जैन के पास एक लिंक भेजा। अजय जैन ने उक्त लिंक खोलकर उसमें आई डिटेल भर दी। लिंक सेंड करते ही उनके खाते से पैसे कटने शुरू हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




## कारखास के आगे टू-स्टार हैं फेल




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में वैसे तो एक से एक कारनामें बाज हैं लेकिन इन दिनों चर्चा देहात के एक कारखास की जमकर हो रही है। सूत्र बताते हैं कि नदी वाले थानाक्षेत्र में एक कारखास के आगे थाने के टू-स्टार भी फेल हैं। मामला बड़ा हो या छोटा सही हो या गलत अगर इस कारखास की एंट्री हो गई तो होगा वही जो वह चाहता है। सूत्र बताते हैं कि वैसे तो इस थाने में टू-स्टार बड़ी संख्या में है लेकिन करीब 8 से 10 ऐसे टू- स्टार हैं जो इसके खौफ के आगे आजकल मौन चल रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि बीते दिनों चुनावी ड्यूटी में इसका खेल थोड़ा बिगड़ गया था लेकिन जब से फिर से पूरा फोर्स आया है यह खुलकर खेल रहा है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं कि वैसे तो यहां जोन और इलाके वाले साहब आते जाते रहते हैं लेकिन कारखास की कार गुजरी अभी भी जारी हैं। बताया जाता है कि यह थाने के प्रभारी से सीधे टच में रहता है और इसका नेटवर्क पुलिस सिस्टम के बराबर बना हुआ। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले खाकी के सूत्र बताते हैं कि कई चौकी वाले प्रभारी तो इसके उनके क्षेत्र में आने पर ही बेहद अलर्ट हो जाते हैं। उनको डर रहता है कहीं यह कोई बड़ा कारनामा ना कर जाए और बाद में फंसना उनको पड़े। वैसे पुलिस विभाग वाले बता रहे हैं कि कोई इसकी खुलकर शिकायत तो नहीं कर रहा है लेकिन कई टू-स्टार इससे प्रताड़ित हैं। वैसे चुनावी सीजन में कई टू-स्टार शांत रहे और नई भर्ती वाले तो इसकी हरकतों से बेहद टेंशन में हैं। बताया जा रहा है सबको उम्मीद थी कि चुनाव के बाद इसका विकेट यहां से सन्ट किया जाएगा लेकिन अभी तक कुछ हुआ नहीं है। जिसके बाद से अब यह कारखास और खुलकर खेल रहा है। देहात क्षेत्र का यह थाना पहले भी कई बड़े मामलों में चर्चाओं में रहा है, पर इस बार चर्चाएं थाने के छोटे से स्टाफ यानी कारखास की वजह से हो रही है। वैसे तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम और पूर्व वाले अधिकारी दावा करते हैं कि सब कुछ ओके है, पर जिस तरीके से कारखास का टेरर टू-स्टार और अन्य पुलिसकर्मियों पर है, उसे देखकर लगता नहीं है कि ऑल इज वेल वाली स्थिति यहां बनी हुई है। अब देखना होगा कि अब कौन इस पर एक्शन लेता है या कार्रवाई के आदेश जारी करता है। वहीं देखना होगा कि आदेशों के जारी होने के बाद कोई एक्शन भी होगा या आदेशों तक सीमित रह जाएगा।

## हरिद्वार में गौरक्षा महाअभियान समिति की बैठक हुई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शंकराचार्य आश्रम हरिद्वार में गौरक्षा महाअभियान समिति के पदाधिकारियों की एक विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक में भारतवर्ष के अधिकांश प्रदेशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने की बैठक में निर्णय लिया गया कि समस्त भारत में जो 543 गौसांसद बनाए गए है उनका शपथ ग्रहण समारोह 2 अगस्त से 6 अगस्त तक होगा जिसमें गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने के संबंध में सरकार से वार्ता की जाएगी।

इस अवसर पर समिति की तरफ से अपने समर्थकों के साथ जूना अखाड़े के महंत कैलाश गिरी, राष्ट्रीय गौरक्षा समिति के उपाध्यक्ष व जयप्रकाश सनातनी राष्ट्रीय महामंत्री, महेश आहूजा, आकर्षक शर्मा, अंगद शर्मा, प्रदीप राघव और अनु देवी ने स्वामीजी को गौ माता का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया और स्वामीजी महाराज ने आकर्षक शर्मा और अंगेश शर्मा को माला पहनकर आशीर्वाद दिया।

# जैन मिलन वसुन्धरा ने किया प्याऊ का शुभारंभ



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** भीषण गर्मी के चलते जैन मिलन वसुन्धरा संगठन के सहयोग से शनिवार को मुनि संबुद्ध सागर एवं मुनि सुध्यान सागर महाराज के द्वारा प्याऊ का शुभारंभ किया गया। महावीर वाटिका के निकट सेक्टर 6 रेड लाइट मेन रोड पर जैन मिलन वसुंधरा के अध्यक्ष वीर विशाल चंद जैन के साथ श्री दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष वीर नवीन कुमार जैन भी मौजूद रहे। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि संबुद्ध सागर व मुनिराज ने कहा कि जैन समाज सदैव समाज सेवा व समाजोत्थान के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। भारतीय जैन मिलन की वसुन्धरा शाखा इन कार्यों की शुरूआत कर रहा है, अवश्य ही संस्था साधुवाद की पात्र है। संस्था के अध्यक्ष वीर विशाल चंद जैन ने बताया कि भीषण गर्मी में ठंडे जल का स्थान जीवन में अन्य सभी आवश्यकताओं में प्रमुख है, शास्त्रों में कहा जाता है कि ज्येष्ठ माह की दशमी के दिन ही मां गंगा धरती पर अवतरित हुई थीं और इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जैन मिलन के अध्यक्ष विशाल चंद जैन, मंत्री मयंक जैन, उपप्रधान सुनीश जैन, कोषाध्यक्ष विकास जैन, संयुक्त सचिव विजय जैन,मंदिर समिति के अध्यक्ष नवीन कुमार जैन, महासचिव अजय कुमार जैन, सचिव प्रवीण जैन, कोषाध्यक्ष महेश चंद जैन, प्रचार सचिव दीपक जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील जैन, उपाध्यक्ष अंजू जैन, डॉ. पीके जैन आदि मौजूद रहे ।

# चलती कार में लगी आग चालक ने कूदकर बचाई जान



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** साउथ स्टेशन के पास दोपहर बारह बजे के आसपास चलती कार में आग लग गई। चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। एक कार गाजियाबाद से मेरठ की ओर जा रही थी, बताया जा रहा है कि कार में सिर्फ एक ही व्यक्ति मौजूद था। जब कार दिल्ली मेरठ मार्ग पर मोदीनगर नमो भारत रैपिड स्टेशन साउथ के पास पहुंची तो अचानक कार के अगले हिस्से से धुआं निकलना शुरू हुआ। देखते ही देखते आग की ऊंची ऊंची लपटें निकलने लगीं। राहगीर ने इसकी सूचना चालक को दी। चालक ने कार साइड में लगाकर कूदकर अपनी जान बचाई। थोड़ी देर में ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

G7 SUMMIT 2024

# इतालवी प्रधानमंत्री मेलोनी ने पीएम मोदी का नमस्ते कर किया स्वागत

## फिर चर्चा में पीएम और मेलोनी की सेल्फी, जी-7 समिट से इतर खींची तस्वीर









**बारी।** 13 से 15 जून तक इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी ने एक सेल्फी क्लिक की। अपुलिया में जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन के मौके पर मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेल्फी क्लिक की, तब दोनों नेता मुस्कुराते हुए देखे गए। पिछले साल दिसंबर में दोनों नेताओं ने दुबई में 28वें कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (सीओपी 28) के मौके पर एक सेल्फी क्लिक की थी।

### मेलोनी ने सेल्फी का वीडियो भी साझा किया

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सेल्फी का वीडियो भी साझा किया। पांच सेकंड का यह वीडियो शनिवार को मेलोनी ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया। इस वीडियो में प्रधानमंत्री मोदी हंसते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो को फिर से शेयर किया और लिखा, 'भारत-इटली की दोस्ती अमर रहे !'

### द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा

इस सम्मलेन के बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अपने इतालवी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग को और बढ़ाने की उम्मीद जताई। बयान में कहा गया कि इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची भारत आएगा।

**इस बार के जी-7 शिखर सम्मेलन में क्या हुआ? :** 13-15 जून तक इटली के पुगलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी इटली गए थे। पीएम मोदी 14 जून को आउटरीच सत्र में भाग लिया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर केंद्रित था। इस सम्मेलन में मध्य पूर्व, गाजा और यूक्रेन में चल रहे संघर्षों पर चर्चा हुई। विश्वभर के नेता इन जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने और समाधान के तरीकों पर बात की। इसके अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एजेंडा के प्रमुख विषयों में शामिल किया गया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में इटली ने भारत को अतिथि देश के तौर पर आमंत्रित किया था। दरअसल, यह पहली बार नहीं है जब भारत को जी-7 द्वारा आमंत्रित किया गया हो। 2019 से भारत को हर साल जी-7 में आमंत्रित किया जा रहा है। 2023 में जापान, 2022 में जर्मनी, 2021 में यूके और 2019 में फ्रांस ने भारत को आमंत्रित किया था। 2020 में अमेरिका ने भारत को आमंत्रित किया था लेकिन कोविड-19 के कारण सम्मेलन रद्द कर दिया गया था।

### मेलोनी ने पीएम मोदी को उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी

इसके अलावा, पीएम मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इतालवी अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया। पीएम ने बताया कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक का उन्नयन करेगा। पीएम मोदी और उनके इतालवी समकक्ष ने नियमित उच्च राजनीतिक वार्ता पर संतोष व्यक्त किया और भारत - इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई भी दी।




## पीएम मोदी-मेलोनी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

### रक्षा, औद्योगिक सहयोग के विस्तार की जताई उम्मीद

**बारी।** इटली के पुगलिया में दक्षिणी इतालवी तटीय रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में इन दिनों जी7 देशों का शिखर सम्मेलन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां हैं। जी-7 शिख सम्मेलन के दूसरे दिन इटली पहुंचे पीएम मोदी ने वहां आउटरीच सत्र में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने शिखर सम्मेलन से इतर जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की। इस दौरान उन्होंने रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग को और बढ़ाने की उम्मीद जताई।

गौरतलब है कि जी7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री मेलोनी के निमंत्रण पर पीएम मोदी शुक्रवार सुबह इटली पहुंचे थे। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है।

दोनों के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता को लेकर विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी किया है। इसमें बताया गया है कि दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा के साथ ही इस साल के आखिर में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची की भारत यात्रा का स्वागत किया।

**भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा :** वार्ता के दौरान मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इतालवी अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया।

साथ ही कहा कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक को भी विकसित करेगा। विदेश मंत्रालय ने बयान में यह भी बताया कि दोनों नेताओं ने नियमित रूप से होने वाली उच्च राजनीतिक वार्ता पर संतोष व्यक्त किया और भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की।

**बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की :** इस दौरान दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार और आर्थिक सहयोग पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए स्वच्छ ऊर्जा, विनिर्माण, अंतरिक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, एआई और महत्वपूर्ण खनिजों में वाणिज्यिक संबंधों का विस्तार करने का आह्वान किया। इस संदर्भ में, उन्होंने औद्योगिक संपत्ति अधिकारों पर हाल ही में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने का भी स्वागत किया। यह समझौका पेटेंट पर सहयोग के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने की जो बाइडन और जस्टिन टूडो से की अलग-अलग मुलाकात, द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा

**बारी।** पिछले साल खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर दोनों देशों भारत-कनाडा के संबंधों के बीच चल रहे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कनाडाई प्रधानमंत्री से जस्टिन टूडो के साथ एक संक्षिप्त बातचीत की।

मोदी बाइडन के बीच बातचीत न्यूयॉर्क में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश के 7 महीने बाद हुई है। सिख अलगाववादी की हत्या की नाकाम कोशिश में अमेरिका ने भारत का हाथ होने का आरोप लगाया था। हालांकि अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए भारत ने पहले ही एक उच्च स्तरीय जांच दल नियुक्त कर दिया है।



**बाइडन और टूडो से मुलाकात के बाद किया ट्वीट :** बाइडन से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा, राष्ट्रपति बाइडन से मुलाकात करना हमेशा सुखद होता है। भारत और अमेरिका विश्व की भलाई के लिए एक साथ काम करेंगे। वहीं टूडो से मुलाकात के बाद भी पीएम मोदी ने ट्वीट करते हुए जानकारी दी। पीएम मोदी एक्स पर लिखा, जी-7 सम्मेलन में कैनाडियन प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो से मुलाकात की।

दोनों ही नेताओं पीएम मोदी और टूडो ने मुलाकात के दौरान एक दूसरे का अभिवादन किया। हालांकि ये अभी तक पता नहीं चल सका कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई।

**निज्जर की हत्या के बाद से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव :** पिछले साल सितंबर में ब्रिटिश कोलंबिया में निज्जर की हत्या के बाद कनाडाई प्रधानमंत्री ने हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था। जिसके बाद से ही दोनों देशों के रिश्तों तनावपूर्ण हो गए थे। हालांकि भारत ने टूडो के आरोपों को निराधार और बेकार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया था।

**कनाडा की धरती पर खालिस्तानी समर्थकों को जगह दी जाती है :** भारत हमेशा से कहता रहा कि कनाडा की धरती पर खालिस्तान समर्थकों को छूट देना दोनों के बीच तनाव कारण रहा है। भारत के विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बुधवार को कहा था कि कनाडा के साथ तनाव का बड़ा कारण कनाडा के भारत विरोधी तत्वों को जगह देना है। जो कि हिंसा और उग्रवाद को बढ़ावा देता है।

## चीन के खिलाफ जी-7 एकजुट आर्थिक प्रतिबंधों की चेतावनी

**बारी।** दुनिया की सात सबसे बड़ी और विकसित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में चीन के खिलाफ कड़े आर्थिक प्रतिबंधों के संकल्प प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस पर भी सहमति जताई कि उन चीनी कंपनियों के खिलाफ कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाएंगे, जिन्होंने यूक्रेन के खिलाफ रूस की मदद की है। खासतौर पर चीन के उन वित्तीय संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे, जिन्होंने रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के लिए हथियार हासिल करने में मदद की है।

शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन जी-7 में शामिल मेजबान इटली के साथ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान और कनाडा ने चीन के खिलाफ दो संकल्पों को मंजूरी दी। इनमें उन संस्थाओं के खिलाफ भी प्रतिबंध लगाने का वादा किया है, जिन्होंने धोखाधड़ी से तेल की ढुलाई करके रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद की है। जी-7 नेताओं ने साझा वक्तव्य में कहा, वे यूक्रेन के खिलाफ रूस की मदद करने वाली तीसरे देशों की संस्थाओं और व्यक्तियों को अपनी वित्तीय प्रणालियों तक पहुंच से प्रतिबंधित करेंगे। जी-7 ने चीन के अनुचित व्यापारिक व्यवहार के खिलाफ भी कार्रवाई का संकल्प लिया है। खासतौर पर चीन के साथ व्यापार घाटे को कम करने पर जोर देने की बात कही है। इसके अलावा, चीन को निर्यात नियंत्रण के जरिये आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करने से परहेज करने की चेतावनी दी गई है, खासतौर पर चिप व इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्माण में काम आने वाले अहम खनिजों पर एकतरफा निर्यात प्रतिबंधों को अनुचित करार दिया।

## पीएम मोदी ने तुर्किये, यूएई और ब्राजील समेत कई देशों के नेताओं से की मुलाकात

**बारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली में जी7 शिखर सम्मेलन से इतर तुर्किए, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ब्राजील और जॉर्डन के नेताओं से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं।



**इन लोगों से की मुलाकात :** पीएम मोदी ने तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के साथ बातचीत की। इस दौरान सभी ने तस्वीरें भी खिंचवाईं। वहीं शिखर सम्मेलन में भी एक तस्वीर ली। उन्होंने कहा, 'इटली में बातचीत जारी है। राष्ट्रपति सिल्वा, एर्दोआन और शेख नाहयान के साथ खास बातचीत की।

**जॉर्डन के राजा से मुलाकात :** इसके बाद पीएम ने जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय से भी मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर राजा अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात की। भारत जॉर्डन के साथ मजबूत संबंधों को महत्व देता है। जी7 शिखर सम्मेलन में भारत को 'आउटरीच देश' के रूप में आमंत्रित किया गया है। बता दें, जी7 में सात सदस्य देश अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, इटली, जापान और फ्रांस के साथ-साथ यूरोपीय संघ की भागीदारी है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने ऋषि सुनक, बाइडन, इमैनुएल मैक्रों और जस्टिन टूडो समेत कई वैश्विक नेताओं का स्वागत किया।

## यूरोप के शरणार्थी संकट का हल निकालने पर बनी सहमति

### तौर-तरीकों को लेकर उलझन बरकरार

**बारी।** जी-7 देश यूरोप के शरणार्थी संकट का हल निकालने पर सहमत हैं। लेकिन, इसके तौर-तरीकों को लेकर अब भी उलझन बरकरार है। सम्मेलन के दूसरे दिन इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने यूरोपीय देशों में शरणार्थियों व प्रवासियों की आवक घटाने के लिए लिंक्ड टू अफ्रीका समाधान पेश किया। सम्मेलन की मेजबान मेलोनी ने शरणार्थी संकट को चर्चा का मुख्य मुद्दा बना दिया है। इस विषय में उनकी विशेष रुचि है क्योंकि, इटली अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया में युद्ध और गरीबी से भाग रहे लोगों के लिए यूरोपीय संघ में प्रवेश के प्रमुख मार्गों में से एक पर स्थित है।



इटली को शरणार्थी संकट की वजह से कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इस संकट को हल करने का वादा करते हुए ही उन्होंने चुनाव भी जीता है। चूंकि इटली यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य है, ऐसे में शरणार्थी संकट पर ईयू के बड़े भागीदार जर्मनी और फ्रांस को सहमत करना जरूरी है। मेलोनी ने जी-7 को इस संकट पर समाधान के लिए चर्चा का मंच बनाते हुए लिंक्ड टू अफ्रीका योजना पेश करते हुए कहा कि यूरोपीय देशों को अफ्रीका में निवेश बढ़ाना होगा, ताकि लोगों को अपने देश में ही रोजगार और बेहतर जीवन मिल सके।

मेलोनी ने सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा, इटली चाहता है कि अफ्रीका को पर्याप्त निवेश मिली, जो हम सभी के भविष्य के लिए जरूरी है, क्योंकि अफ्रीका में कठिनाइयां और अवसर दोनों हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए यह जरूरी है कि हम अफ्रीका से जुड़ें। उन्होंने कहा कि प्रवासन का मुद्दा असल में मानव तस्करी के संगठित अपराध से जुड़ा है। अपराधी मासूम लोगों की हताशा का फायदा उठा रहे हैं।

**अपुलिया खाद्य प्रणाली पहल को दी गई मंजूरी :** रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया में पैदा हुए अनाज संकट को ध्यान में रखकर शुक्रवार को जी-7 देशों ने वैश्विक कुपोषण के खिलाफ खाद्य सुरक्षा पहल शुरू की है। इस पहल को जी-7 अपुलिया खाद्य प्रणाली पहल (एएफएसआई) नाम दिया गया है। इसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और पोषण के लिए संरचनात्मक बाधाओं को दूर करना है। यह पहल निम्न आय वाले देशों पर ध्यान केंद्रित करेगी और अफ्रीका में खाद्य सुरक्षा परियोजनाओं का समर्थन करेगी, ताकि अफ्रीका से लोगों के विस्थापन और प्रवास में कमी आए।

### यूक्रेन को 50 अरब डॉलर का कर्ज

सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 50 अरब डॉलर के कर्ज समझौते पर हस्ताक्षर किया। इस कर्ज के बदले अमेरिका यूरोप व यूक्रेन में जब्त रूसी संपत्तियों को गिरवी रखेगा।

## भारत फ्रांस रक्षा संबंध मजबूत करने पर सहमत, सुनक से रोडमैप 2030 पर चर्चा

**बारी।** इटली के अपुलिया में जी-7 शिखर सम्मेलन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर शुभकामनाओं के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने होराइजन 2047 रोडमैप और भारत-प्रशांत रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत और फ्रांस के बीच आपसी संबंधों की समीक्षा की। दोनों नेताओं के बीच इस दौरान रक्षा, परमाणु, अंतरिक्ष, शिक्षा, जलवायु कार्रवाई, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय संग्रहालय साझेदारी जैसी सांस्कृतिक पहल और जन-भागीदारी को बढ़ाने पर चर्चा हुई। वे मेक इन इंडिया पर अधिक ध्यान देने के साथ रणनीतिक क्षेत्र में रक्षा-सहयोग को और बढ़ाने पर सहमत हुए।



इसके अलावा 2025 में फ्रांस में आयोजित होने वाले आगामी एआई शिखर सम्मेलन और संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन के संदर्भ में मिलकर काम करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा और खेल के क्षेत्र में सहयोग का विस्तार करने पर भी सहमत हुए। मैक्रों से मुलाकात के बाद पीएमओ ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि पीएम मोदी की राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच शानदार बैठक हुई। बीते एक साल में यह चौथी मुलाकात है, जो इस बात को दशार्ती है कि दोनों देश मजबूत संबंधों खास प्राथमिकता देते हैं।

### सुनक से रोडमैप 2030 पर हुई बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली के जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर इटली के अपुलिया में यूनाइटेड किंगडम (यूके) के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान सुनक ने पीएम मोदी को ऐतिहासिक लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी।




## फैमिली फोटो में बीच मंच पर नजर आए पीएम मोदी, लोग बोले- हर भारतीय को गर्व

**बारी।** जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिडिसि एयरपोर्ट से भारत के लिए रवाना हो गए। इटली में उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और पोप फ्रांसिस सहित कई नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। वहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो से मुलाकात काफी चर्चा में रही। हालांकि, इन सबके अलावा इस सम्मेलन की एक फैमिली फोटो काफी चचाओं में आ गई है, जिससे साफ जाहिर होता है कि जी7 का सदस्य न होते हुए भी भारत का दबदबा कायम है।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 शिखर सम्मेलन में पहुंचे। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भारत ने जी7 शिखर सम्मेलन में 'आउटरीच राष्ट्र' के रूप में भाग लिया। दुनिया भर के नेताओं ने शुक्रवार रात जी-7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच राष्ट्र' सत्र में एक फैमिली तस्वीर खिंचवाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा 'इटली में जी7 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं के साथ।'

### इसलिए चर्चाओं में आई तस्वीर

पीएम मोदी के तस्वीर साझा करते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। लोग जमकर चर्चा कर रहे हैं। इस तस्वीर में पीएम मोदी मंच पर बीचोंबीच खड़े हुए दिखाई दिए।

## पीएम नरेंद्र मोदी इटली से रवाना

### 'हम सभी को मिलकर हरित युग बनाना होगा'

**बारी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली की अपनी एक दिवसीय यात्रा समाप्त करने के बाद स्वदेश के लिए रवाना हो गए। इससे पहले उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर वहां के लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन में बहुत ही उपयोगी दिन रहा। विश्व नेताओं के साथ बातचीत की और विभिन्न विषयों पर चर्चा की। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य ऐसे प्रभावशाली समाधान तैयार करना है जो वैश्विक समुदाय को लाभ पहुंचाएं और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक बेहतर दुनिया का निर्माण करें। मैं इटली के लोगों और सरकार को उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं।



अपनी यात्रा के दौरान शिखर सम्मेलन से इतर, मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन टूडो, फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों, ब्रिटिश प्रधान मंत्री सुनक, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की, इतालवी प्रधान मंत्री मेलोनी, पोप फ्रांसिस और जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा सहित अन्य से मुलाकात की। गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल के लिए कार्यभार संभालने के बाद मैक्रों के साथ मोदी की किसी अंतरराष्ट्रीय नेता के साथ पहली आधिकारिक द्विपक्षीय बैठक थी।

### जी7 में पीएम मोदी का एआई पर जोर

भारत के एआई (कृत्रिम मेधा) मिशन की बात करते हुए पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस तकनीक का उद्देश्य सभी की प्रगति और भलाई को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस व्यापक उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा दे रहा है।

जी7 के आउटरीच सत्र में पीएम मोदी ने कहा कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) में राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले पहले कुछ देशों में से एक है।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में भारत का दृष्टिकोण चार सिद्धांतों उपलब्धता, पहुंच, सामर्थ्य और स्वीकार्यता पर आधारित है।

# जनपद की तीनों तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

## जन शिकायतों के निस्तारण को दें प्राथमिकता : डीएम इन्द्र विक्रम सिंह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसील में प्रत्येक प्रथम और तृतीय शनिवार को मनाये जाने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। सर्वाधिक 24 शिकायतें राजस्व विभाग की थीं। वहीं लोनी तहसील में एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया जिसमें 53 शिकायतें आई जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण हुआ। लोनी तहसील में एसडीएम निखिल चक्रवर्ती की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें 46 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। सर्वाधिक शिकायतें नगर पालिका की 16 व राजस्व विभाग की 13 रहीं।

जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि अब चुनाव खत्म हो चुके हैं, जिससे सभी अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन कार्य से मुक्त हो चुके हैं इसलिए सभी लोग अपने कार्यों पर ध्यान आकर्षित करें और हर विभाग को अपना कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करना चाहिए। कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण को प्राथमिकता पर रखें। सदर तहसील में सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, तहसीलदार रवि कुमार सहित अन्य विभाग के अधिकार उपस्थित रहे।

# पार्षद राधेश्याम त्यागी ने हेल्थ कार्ड शिविर लगवाया



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के वार्ड 57 के पार्षद राधेश्याम त्यागी द्वारा श्रीराम मार्केट स्थित पार्षद कार्यलय पर आयुष्मान भारत के अंतर्गत स्वास्थ खाता, आभा कार्ड, स्वास्थ्य आईडी कार्ड बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार शिविर लगाया गया। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि आधार कार्ड नम्बर से ही अब हर नागरिक की हेल्थ रिपोर्ट सामने आ जाएगी। पुराने दस्तावेजों को संभालने और जांच के बाद ली गई दवाइयों का ब्योरा रखने की जरूरत नहीं होगी। वार्ड में 80 लोगों की स्वास्थ्य विभाग ने आभा आईडी बनाई। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत एकीकृत स्वास्थ्य आईडी बनाने का काम तेजी से किया जा रहा है। आधार कार्ड की तर्ज पर ही अब प्रत्येक व्यक्ति की आभा आईडी बनाई जा रही है, जिसमें आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस कार्ड में जन्म से लेकर मृत्यु तक के डाक्टरों द्वारा किए गए इलाज, दी गई दवाइयां, कराई गई जांचें और मेडिकल हिस्ट्री एक क्लिक पर मिल सकेगी। केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देश के बाद आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता संख्या प्रत्येक व्यक्ति का बनाया जा रहा है। पार्षद प्रतिनिधि अंकुर त्यागी ने बताया कि सर्वर डाउन के कारण ओटीपी में दिक्कत हो रही थी इस कारण 80 के करीब शनिवार को हेल्थ कार्ड बनाए गये।

# जलापूर्ति को लेकर निगम की टीम अलर्ट, पिछले 10 दिन में कराए 18 नये बोर

## अधिकारी वार्डवार करें मॉनिटरिंग: नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भीषण गर्मी को देखते हुए जहां गाजियाबाद नगर निगम ने कई स्थानों पर प्याऊ लगाई हैं वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर सभी पांचों जोन में जलापूर्ति को लेकर टीम अलर्ट है। पिछले सप्ताह जलापूर्ति को सरल बनाने के लिए लगभग 18 से अधिक नए नलकूप लगाए गए हैं जिसमें विजयनगर क्षेत्र में सर्वाधिक नलकूप लगाए गए हैं और क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई है।

कई स्थानों पर नलकूपों को रिबोर भी किया गया है। वार्ड संख्या 55 कुटी प्रताप विहार में पानी की पाइपलाइन तेजी से बचाने का कार्य रात्रि में भी कराया गया तथा क्षेत्रवासियों को जलापूर्ति कराई गई। वार्ड संख्या 55 के बी ब्लॉक की टंकी को भी वॉल लगाकर पुनः भरा गया। वार्ड संख्या 58 मवई वार्ड संख्या 25 एफ ब्लॉक न्यू विजय नगर, वार्ड संख्या 23 कैलाश नगर, वार्ड संख्या 26 सुंदरपुरी, नये नलकुप से जलापूर्ति की गई है। वार्ड संख्या 48 मिजार्पुर में भी 2 नए नलकूप लगाए गए हैं, सिटी जोन के अंतर्गत वार्ड संख्या 93 कैला भट्टा वार्ड संख्या 33 जगानीगंज वार्ड संख्या 31 नंदग्राम में भी नये नलकूप लगाए गए हैं। इसी क्रम में देखा गया है कि वसुंधरा तथा मोहननगर क्षेत्र में भी वार्ड संख्या 37 शालीमार गार्डन विजयपाल की टंकी के पास, वार्ड संख्या 37 विवेकानंद कॉलोनी, वार्ड संख्या 73 गणेशपुरी, वार्ड संख्या 54 सेक्टर 5 वसुंधरा वार्ड संख्या 20 भोपुरा में भी आवश्यकता को देखते हुए नए नलकूप लगाए गए हैं। महाप्रबंधक जल के पी आनंद द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में भीषण गर्मी को देखते जलापूर्ति के कार्य को रफ्तार दी जा रही है।

# जर्जर बिजली के तार बन रहे परेशानी का सबब





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वर्षों पुराने बिजली के उन जर्जर तारों से आपूर्ति हो रही है जो अक्सर टूटकर सड़कों पर गिरते रहते हैं। दिन-रात पोलों के उलझें तारों से चिंगारियां निकलती हैं। कभी-कभी तो रास्ते बंद हो जाया करते हैं और बिजली की आपूर्ति रोकनी पड़ती है। लोग सदैव अनहोनी की आशंका से परेशान रहते हैं। विभागीय उच्चाधिकारियों से इसकी बार-बार शिकायत करने के बाद भी वर्षो से चल रही रोज-रोज की इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। लोगों में आक्रोश व्याप्त है। प्रयास आवास कल्याण समिति वसुंधरा सेक्टर 3 के निवासी जिसमें भाजपा नेता राज तिवारी आरडब्ल्यूए संरक्षक महेंद्र सिंह, सचिव आर पी सिंह, उपसचिव आशुतोष झा, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह, विनोद सिंह, कुलदीप त्यागी आदि लोगों ने वसुंधरा सेक्टर 16 बिजलीघर पर एसडीओ के सामने कॉलोनी की समस्या रखी। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर पुराने तारों से आपूर्ति हो रही है खंबे भी जर्जर अवस्था में हैं।आबादी घनी होने के कारण इन तारों पर अधिक लोड भी रहता है। अधिक लोड वाले ये जर्जर तार हमेशा टूटकर गिरते रहते हैं। दूसरी ओर पोलों के उलझें तारों में शार्ट-सर्किट से चिंगारियां निकलती रहती हैं। लाइनमैन भी इन पोलों पर तारों को ठीक करने में घबराते हैं। एसडीओ ने कहा कि वसुंधरा सेक्टर तीन के लोगों में अपनी सोसायटी की समस्या बताई है जिसका जल्दी की तार बदले का कार्य शुरू किया जाएगा।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में लॉन्चपैड प्रोग्राम की हुई शुरूआत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए लॉन्चपैड प्रोग्राम की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय जीवन में सफलतापूर्वक समायोजित करने और उनके शैक्षणिक और प्रोफेशनल यात्रा की मजबूत नींव रखने में मदद करना है। लॉन्चपैड प्रोग्राम एक व्यापक पहल है जो विद्यार्थियों को शैक्षणिक और प्रोफेशनल उत्कृप्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक ट्रैनिंग, संसाधन और समर्थन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रोग्राम के माध्यम से, विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और क्षमताओं से सुसज्जित किया जाएगा ताकि वे अपने शैक्षणिक सफर को सफलतापूर्वक पार कर सकें और व्यक्तिगत मार्गदर्शन, कौशल विकास कार्यशालाओं और नेटवर्किंग अवसरों के माध्यम से सफल करियर की शुरूआत कर सकें। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. शक्ति कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर माँ सरस्वती कि आराधना करके हुई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी स्कूलों के डीन एवं निदेशकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रो. डॉ. ज्योत्सना पंडित, निदेशक स्कूल ऑफ साइंसेस ने लॉन्चपैड प्रोग्राम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रो. डॉ. विभा सिंह, डीन अकादमिक अफेयरस ने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों, निदेशकों, डीन, विश्वविद्यालय के स्कूलों, सुविधाओं, प्रयोगशालाओं, खेल, छात्रावास आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर डॉ. मलिका नंदा, सुन्दरदीप ग्रुप के चेयरमैन महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन अखिल अग्रवाल, रजिस्ट्रार पीयूष श्रीवास्तव ने सभी नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नगर आयुक्त का प्रयास, सफल होते दिख रहा निगम का स्वच्छता अभियान

## शहरवासियों से की प्रतिबंधित प्लास्टिक बहिष्कार की अपील







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर शहर में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं जिसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है तो प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। शहर की स्वच्छता को लेकर भी गाजियाबाद नगर निगम टीम द्वारा शहरवासियों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सभी आंतरिक वार्डों में जन जागरूकता कार्यक्रम भी किए जा रहे हैं, स्कूलों में भी विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है, तथा व्यापारी वर्ग को भी डस्टबिन रखने के लिए एवं शहर की सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कहा गया है। रेहड़ी- पटरी व्यापारियों ने भी डस्टबिन का इस्तेमाल शुरू कर दिया है जो कि शहर में स्वच्छता को लेकर अच्छी पहल है। नवयुग मार्केट, बजरिया, घंटाघर, संजय नगर, कविनगर सी ब्लॉक, लाजपत नगर, गोविंदपुरम, में देखा गया है कि रेहड़ी- पटरी व्यापारी भी डस्टबिन का प्रयोग कर रहे हैं तथा इसके अलावा ग्राहकों को भी डस्टबिन का उपयोग करने के लिए अपील कर रहे हैं। नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम की एसबीएम टीम भी बड़े स्तर पर प्रतिदिन अभियान का कार्य जोरों से कर रही है।

# आरएसएस के प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में शामिल हुए सांसद अतुल गर्ग व मंत्री सुनील शर्मा





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नेहरू नगर में आयोजित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, पूर्व महापौर आशु वर्मा,भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा की मौजूदगी अहम रही।

# राजनाथ सिंह के पुन: रक्षामंत्री बनने पर उनके सुपुत्र नीरज सिंह को दी बधाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनाथ सिंह के पुन: रक्षामंत्री बनने पर गाजियाबाद के भाजपा नेताओं ने उनके दिल्ली आवास पर जाकर उनके सुपुत्र नीरज सिंह को बधाई दी। बधाई देने वालों में वरिष्ठ भाजपा नेता विनय चौधरी, गजेन्द्र सिंह कश्यप, कांता भटनागर, हेमन्त त्यागी, डॉ. कर्मवीर सिंह प्रधान, मनोज वोहरा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने मुख्यमंत्री से भेंट कर समस्याओं पर की चर्चा



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** भाजपा विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने लखनऊ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर मोदीनगर विधानसभा की कुछ अहम समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान की मांग की।

विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने विधानसभा क्षेत्र की सड़कों पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा हो रहे विलम्ब मुख्यता खिंदौड़ा मार्ग व अबूपुर मार्ग को लेकर भेंट की। साथ ही मोदीनगर में वाणिज्यकर कार्यालय को मोदीनगर से गाजियाबाद स्थानान्तरण ना कराया जाने के विषय में भी अवगत कराते हुए स्थानान्तरण ना कराये जाने की अपील की।

# एनडीआरएफ मैदान में योग सप्ताह का शुभारम्भ

## निरंतर योग करने से शरीर ऊजार्वान रहता है: सीडीओ अभिनव गोपाल









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनडीआरएफ में अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर योग सप्ताह का आगाज हुआ, जिसका शुभारम्भ वरिष्ठ योग प्रशिक्षक, योगगुरु यश पाराशर ने योग प्रशिक्षक गीतक सिंन्यू के साथ लोगों को योगाभ्यास कराया। योगगुरू यश पाराशर ने जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला, सभी से योग को अपने नियमित दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। बताया कि नियमित योग हमारे जीवन में चमत्कारिक एवं सकारात्मक बदलाव लाता है। बहुत से रोग योग से स्वतः ठीक हो जाते हैं और निरंतर योगा करने से बहुत से रोग हमारे शरीर में प्रवेश ही नहीं कर पाते। हम नियमित योग तथा संन्तुलित आहार से निरोगी एवं ऊजार्वान बने रहते हैं। योग भारत की अनूठी पद्धति है, जिससे पूरा विश्व लाभान्वित हो रहा है। इस मौके पर अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि निरंतर योग करने से शरीर निरोगी और ऊजार्वान रहता है। कार्यक्रम में श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव जिला विकास अधिकारी, डॉ० अशोक कुमार राना क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी, योगगुरु यश पाराशर,अर्चना श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रवन्धक एनडीआरएफ कमान्डैन्ट, डिप्टी कमान्डैन्ट एवं सहयोगी, आयुष विभाग के सभी चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारी व सभी योग प्रशिक्षक एवं सहायक, कार्यालय के कर्मचारी तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और योगाभ्यास किया।

# एम्बुलेंस में कराई महिला की डिलीवरी, बच्ची को दिया जन्म

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में खिदौड़ा काकड़ा मार्ग पर गांव खिमावती के पास प्रसव पीड़ा बढ़ने पर ईएमटी ने एम्बलेंस में ही महिला की डिलीवरी कराई। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया है। जज्जा बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और उन्हें नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव खिदौड़ा निवासी मंजूर अपनी पत्नी नाजरीन व दो बच्चों के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी गर्भवती थी और इलाज नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा था। शुक्रवार शाम छह बजे के आसपास अचानक नाजरीन को प्रसव पीड़ा हुई। पति मंजूर ने 102 को इसकी सूचना दी। सूचना देते हुए बीस मिनट में ही एम्बुलेंस गांव खिदौड़ा पहुंच गई। ईएमटी जावेद अली महिला को लेकर गांव खिदौड़ा से मुरादनगर जा रहे थे। जब वह बीच रास्ते में गांव खिमावती पहुंचे तो अचानक नाजरीन को प्रसव पीड़ा बढ़ गई और स्थिति बिगड़ने लगी। इसके बाद जावेद अली ने चालक नईम से एम्बुलेंस साइड में लगाने को कहा। जावेद अली ने अन्य स्टॉफ की मदद से महिला की डिलीवरी करा दी। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। इसके बाद जज्चा बच्चा को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है जहां पर दोनों स्वस्थ हैं।

गाजियाबाद हैण्डलूम क्लस्टर

MSME
MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम

csDISHAA FOUNDATION

गॉंव में आयोजित होने वाले कैम्प हेतु विज्ञापन

गाजियाबाद हैण्डलूम क्लस्टर के द्वारा गॉंव में आयोजित होने वाले कैम्प हेतु भोजन टैन्ट आदि की व्यवस्था कराने हेतु सम्पर्क करें।

- फोन नं० -
9315042904

(खसरा नं० 213 ग्राम सादत नगर इकला निअर पैरामाउन्ट स्कूल पिन कोड - 201015)

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अगर संस्कार अच्छे हैं तो परिवार अपने आप अच्छा हो जाता है। ये तस्वीर ये शुभकामना ये बधाई अपने आप में रिश्तों की वो मजबूत डोर है जिससे पूरा परिवार मजबूत होता है। सास बहू के रिश्ते की मधुरता को अपने आप में समाहित किए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।